माघ कृष्णा - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 186 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 01-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 'राहुल गांधी का यह दावा बेतुका है कि जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया'

6 भविष्य का सुनहरा परिदृश्य दिखाएगा अंतरिम बजट

7 भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाते समय अदालत ने 'धोखा' दिया : इमरान खान




## फर्स्ट टेक

### लाल सागर में अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

**मॉस्को/वार्ता।** यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हाउती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा, लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हाउती के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय लिया जाएगा।

### रूस ने यूक्रेन के साथ 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की

**कीव/एपी।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया।

### ई-फाइलिंग पोर्टल पर सप्ताहांत में करदाता सेवाएं बंद रहेंगी : आयकर विभाग

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर करदाताओं के लिए सेवाएं तीन फरवरी से पांच फरवरी के बीच उपलब्ध नहीं होंगी। विभाग ने बताया कि निर्धारित रखरखाव के चलते ऐसा होगा। आयकर विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, प्रणाली को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने सहित निर्धारित रखरखाव गतिविधियों के कारण ई-फाइलिंग पोर्टल पर करदाता सेवाएं शनिवार (तीन फरवरी 2024) को दोपहर दो बजे से सोमवार (पांच फरवरी 2024) को सुबह छह बजे तक बंद रहेंगी।

| | |
|---|---|
| 01-02-2024 सूर्यास्त 6:09 बजे | 02-02-2024 सूर्योदय 6:35 बजे |
| BSE 71,752.11 (+612.21) | NSE 21,725.70 (+203.60) |
| सोना 6,522 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,000 रु. प्रति किलो |

# मंदिर की सदियों पुरानी मुराद हुई पूरी, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था : मुर्मु

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए आज कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नये आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनायी और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई।

श्रीमती मुर्मु ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाये गये कदमों और उनके फायदों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।



नये संसद भवन में पहली बार पहुंची राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरूआत नये भवन की प्रशंसा के साथ करते हुए कहा, यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक भी है। भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है। राष्ट्रपति ने संयुक्त अधिवेशन के लिए लोकसभा में प्रवेश किया तो उनके आगे एक संसद कर्मी पवित्र सेंगोल लेकर चल रहा था।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा, सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आयें हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

## परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए कानून लाएगी सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में शिक्षा अधूरी छोड़ देने वाले बच्चों की संख्या में कमी और उच्च शिक्षा में लड़कियों के नामांकरण में वृद्धि की ओर ध्यान दिलाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंता से अवगत है और इसे रोकने के लिए एक कानून लाएगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। इसलिए ऐसे गलत तरीकों पर सख्ती के लिए नया कानून बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, मेरी सरकार के प्रयासों से देश में पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी आई है।

## नए संसद भवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक है'

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि नए संसद भवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की महक है तथा भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है। नए संसद भवन में अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि वर्ष 2023 में 'आजादी का अमृत महोत्सव' का समाप्त हुआ और 2023 में ही शांति निकेतन और होयसला मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची (वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट) में शामिल हुए। ''यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुर्मू ने कहा कि नया संसद भवन आज़ादी के अमृतकाल की शुरुआत में बना है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद होगा। उन्होंने कहा ''यहां 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक है तथा भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है।




## हुड़दंग करने वाले सांसद करें आत्मनिरीक्षण : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा संसद के सत्र के दौरान सदनों में हुड़दंग कर लोकतंत्र का 'चीरहरण' करने वाले सांसदों को अपने व्यवहार को लेकर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

मोदी ने बजट सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, और वो फैसला था- नारी शक्ति वंदन अधिनियम। और उसके बाद 26 जनवरी को भी हमने देखा, किस प्रकार से देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य को, नारी शक्ति के शौर्य को, नारी शक्ति के संकल्प की शक्ति को अनुभव किया। आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है, तब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और कल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा अंतरिम बजट एक प्रकार से ये नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

मोदी ने कहा, मैं आशा करता हूं कि गत 10 वर्ष में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार से संसद में सबने अपना-अपना कार्य किया। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि जिनका आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है, जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों को चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी माननीय सांसद आज जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं, तब जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि 10 साल में उन्होंने जो किया, अपने संसदीय क्षेत्र में भी 100 लोगों को पूछ लें, किसी को याद नहीं होगा, किसी को नाम भी पता नहीं होगा, जिन्होंने इतना हुड़दंग हो-हल्ला किया होगा। लेकिन विरोध का स्वर तीखा क्यों ना हो, आलोचना तीखी से तीखी क्यों ना हो, लेकिन जिसने सदन में उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा, उनको बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा।

# हेमंत सोरेन गिरफ्तार

## झारखंड के नए मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित

■ भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगभग सात घंटे तक हेमंत सोरेन से हुई पूछताछ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोप में सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अपनी गिरफ्तारी से पहले, सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया और फिर उन्हें यहां ईडी कार्यालय ले जाया गया।

सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान 48 वर्षीय सोरेन के जवाब में स्पष्टता नहीं थी और इसलिए उन्हें धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में ले लिया गया। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद है कि सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय यहां एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश करेगा और हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी हिरासत का अनुरोध करेगा। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के दौरान सोरेन से 15 सवाल पूछे।

### तलाशी को लेकर ईडी अधिकारियों के खिलाफ सोरेन ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वरिष्ठ कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

## हिंदू मंदिर



भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम और एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 13-14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा को लेकर भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 13 फरवरी को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में भारतीय समुदाय शिखर सम्मेलन 'अहलान मोदी' (हेलो मोदी) को संबोधित करेंगे और 14 फरवरी को यूएई की राजधानी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। 'अहलान मोदी' कार्यक्रम के बारे में यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्वागत समारोह स्थल पर हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### तटस्थ-साँच

जो ना तो हां ना करते ना,
हर मुद्दे पर रहते तटस्थ।
जिनके अपने मत नहीं सिद्ध,
वे हैं महंत सब सिद्धहस्त।
हो स्वयं भ्रमित फैलाते भ्रम,
रहते निजता में अस्तव्यस्त।
जो हवा देख करके चलते,
सचमुच हैं वे मौकापरस्त।।

अदालत ने हिंदू पक्ष को दिया

# ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ का अधिकार

■ व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराने का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजापाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश को अदालत में चुनौती देने का फैसला किया है।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने 'पीटीआईभाषा' से बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेन्द्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

## ईडी ने केजरीवाल को पांचवां समन भेजा



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

# एलन मस्क ने पहले इंसानी मस्तिष्क में चिप प्रतिरोपित करने की जानकारी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**न्यूयॉर्क/एपी।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने घोषणा की है कि इस सप्ताहांत उनकी कंप्यूटर-ब्रेन इंटरफेस कंपनी न्यूरालिंक ने एक इंसानी मस्तिष्क में चिप को प्रतिरोपित किया है। मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को पोस्ट किया कि मरीज के मस्तिष्क में तय समय से एक दिन पहले ही चिप प्रतिरोपित किया गया और वह ''बेहतर तरीके से स्वास्थ्य लाभ'' ले रहे हैं।'

अरबपति उद्योगपति और न्यूरालिंक के सह संस्थापक ने मरीज के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

न्यूरालिंक कई समूहों में से एक है जो तंत्रिका तंत्र को कंप्यूटर से जोड़ने, मस्तिष्क विकारों के इलाज में मदद करने, मस्तिष्क की चोटों पर काबू पाने और अन्य अनुप्रयोगों पर काम कर रहा है। 'क्लिनिकलट्रायल्स डॉट जीओवी' के अनुसार, 40 से अधिक मस्तिष्क कंप्यूटर इंटरफेस परीक्षण चल रहे हैं।

न्यूरालिंक ने मस्क की सोमवार को जारी पोस्ट को 'एक्स' पर दोबारा पोस्ट किया, लेकिन मानव प्रतिरोपण की पुष्टि करते हुए कोई विस्तृत बयान जारी नहीं किया। कंपनी ने मंगलवार को टिप्पणी के लिए 'एसोसिएटेड प्रेस' के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मंगलवार को कहा कि न्यूरालिंक ने पहले घोषणा की थी कि एफडीए ने ''जांच उपकरण छूट'' को मंजूरी दे दी है, जो आम तौर पर एक प्रायोजक को ''समावेश मानदंडों को पूरा करने वाले मरीजों में'' नैदानिक अध्ययन शुरू करने की अनुमति देता है।

## ईडी ने धनशोधन मामले में केरल के पूर्व मंत्री की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने केरल के पूर्व मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री के. बाबू के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में उनकी 25 लाख रुपए से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संपत्ति कुर्क करने का अनंतिम आदेश 25 जनवरी को जारी किया गया था। मामले की जांच आय से अधिक संपत्ति से जुड़ी है।

ईडी का मामला केरल सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) द्वारा अगस्त 2018 एर्नाकुलम जिले में दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है। एजेंसी ने कहा कि बाबू ने एक जुलाई 2007 से 31 मई 2016 तक लोकसेवक रहते हुए 25.82 लाख रुपए की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक है।

# आयकर दाखिल करने वालों की संख्या सवा 3 करोड़ से बढ़कर सवा आठ करोड़ हुई : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश में आयकर दाखिल करने वालों की संख्या करीब सवा तीन करोड़ से बढ़कर लगभग सवा आठ करोड़ हो चुकी है।

उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सरकार ने भारत में कारोबार सुगमता को बेहतर किया है। सरकार कारोबार के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराने को लेकर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा,



सरकार का प्रयास रहा है कि सामान्य देशवासी की जेब में अधिक से अधिक बचत कैसे हो। पहले भारत में दो लाख रुपए की आय पर कर लग जाता था। आज भारत में सात लाख रुपए तक की आय पर भी कर नहीं लगता। कर छूट और सुधारों के कारण भारत के करदाताओं को 10 साल में ढाई लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है।

राष्ट्रपति ने कहा, आयकर दाखिल करने वालों की संख्या करीब सवा तीन करोड़ से बढ़कर लगभग सवा आठ करोड़ हो चुकी है। यह बढ़ोतरी दो गुना से भी कहीं अधिक है। वहीं दिसंबर, 2017 में 98 लाख लोग माल एवं सेवा कर (जीएसटी) देते थे, आज इनकी संख्या एक करोड़ 40 लाख है।

देश में व्यापारिक महौल पर मुर्मू ने कहा, कारोबार सुगमता की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। बीते कुछ वर्षों में 40 हजार से ज्यादा अनुपालन हटाए या सरल किए गए। कंपनी अधिनियम और सीमित देयता भागीदारी अधिनियम में 63 प्रावधानों को अपराध की सूची से बाहर किया गया। उन्होंने कहा, जन विश्वास अधिनियम द्वारा 183 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया। अदालत के बाहर विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को मध्यस्थता पर कानून बनाया गया है। वन और पर्यावरण विभाग से मंजूरी मिलने में जहां 600 दिन लगते थे, वहीं आज 75 दिन से भी कम समय लगता है। साथ ही 'फेसलेस असेसमेंट' योजना से कर व्यवस्था में और पारदर्शिता आई है।



## 'न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने की जरूरत'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्री नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर ''अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक'' कर दिया गया। वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को मुवक्किल के लिए मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी।

## सरकार ने मोबाइल फोन कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 से घटाकर 10% किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले बैटरी कवर, लेंस और सिम सॉकेट जैसे कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना के साथ ही स्थानीय बाजारों में उत्पाद की कीमतें कम करना है। वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि शुल्क को सुसंगत बनाने से से मोबाइल फोन विनिर्माण परिवेश मजबूत होगा। वैष्णव ने कहा, सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाना उद्योग में बेहद आवश्यक निश्चितता और स्पष्टता लाता है।



## राज्यसभा में तीन नए सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में बुधवार को तीन नए सदस्यों – सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए सदस्यों का स्वागत किया। सभापति ने कहा कि मनोनीत सदस्य संधू ने राज्यसभा में पहले शपथ ली। उन्होंने संधू से कहा, आपने इतिहास रचा है। आप संसद के नए भवन में शपथ लेने वाले पहले व्यक्ति हैं। मालीवाल को दोबारा शपथ लेनी पड़ी क्योंकि पहली बार उनके शपथ लेने पर सभापति ने विचार नहीं किया और दोबारा उनका नाम पुकारा। उन्होंने कुछ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया था जो शपथ का हिस्सा नहीं थे। संधू जहां मनोनीत सदस्य हैं, वहीं गुप्ता और मालीवाल दिल्ली से निर्विरोध चुने गए। गुप्ता को आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सदस्य के रूप में फिर से नामित किया है, जबकि मालीवाल को पार्टी ने सुशील गुप्ता के स्थान पर नामित किया है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक–कुलाधिपति संधू को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।

## रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी के बाद जमा, टॉपअप लेने से रोका

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप–अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर–अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा, किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी।

## पूर्व क्रिकेटर चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

**नागपुर/भाषा।** चेक बाउंस मामले में नागपुर पुलिस ने पूर्व क्रिकेटर प्रशांत वैद्य को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई उनके खिलाफ जारी गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट पर की। पुलिस अधिकारी ने बताया भारतीय टीम के लिए 90 के दशक में एक वनडे मैच खेलने वाले वैद्य को अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

बजाज नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक विट्ठलसिंह राजपूत ने कहा, उन्होंने कथित तौर पर एक स्थानीय व्यापारी से स्टील खरीदा था और एक चेक जारी किया था जो बाउंस हो गया, जिसके बाद व्यापारी ने नया भुगतान करने की मांग की। उन्होंने बताया, क्रिकेटर ने कथित तौर पर भुगतान करने से इनकार कर दिया इसलिए व्यापारी ने अदालत का रुख किया। अदालत की सुनवाई में शामिल न होने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। वैद्य वर्तमान में विदर्भ क्रिकेट संघ की क्रिकेट विकास समिति के प्रमुख हैं।

## कांग्रेस ने 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ शुरू किया 'जय जवान' अभियान



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सेना में भर्ती की नई योजना 'अग्निपथ' के खिलाफ लोगों में जागरुकता पैदा करने के मकसद से बुधवार को 'जय जवान' अभियान शुरू किया। पार्टी का आग्रह भी है कि वर्ष 2019–22 के दौरान थलसेना, नौसेना और वायुसेना में चयनित करीब डेढ़ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनकी भर्ती सुनिश्चित की जाए। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, जंग तो हथियारों से लड़ी जाती है, लेकिन जीती हौसलों से जाती है। 'अग्निपथ' योजना सेना के मनोबल को गिरा रही है, लाखों जवानों के सपनों पर हमला कर रही है। आप घर–गाड़ी किराए पर ले सकते हैं, लेकिन फौजी को किराए पर नहीं ले सकते। उन्होंने सवाल किया, अगर सीमा पर खड़े जवान को ये विश्वास नहीं होगा कि उसके बाद उसके परिवार का क्या होगा... फिर वो कैसे लड़ेगा?'' खेड़ा ने कहा कि 'अग्निपथ' एक ऐसी योजना है जो सेना की पिछले 70 वर्षों में बनी संरचना को छिन्न–भिन्न कर रही है। उन्होंने दावा किया कि युवाओं के सपनों को कुचला जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व–सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि 'जय जवान' अभियान देश के जवानों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया है।

## आगामी विधानसभा सत्र में यूसीसी पर विधेयक को पारित कराएगी सरकार : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पांच फरवरी से बुलाए गए राज्य के विधानसभा सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर विधेयक को पारित कराया जाएगा। धामी ने 'पीटीआईभाषा' से बातचीत में कहा, राज्य विधानसभा के सत्र को विशेष रूप से यूसीसी पर विधेयक पारित करवाने के लिए ही बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति यूसीसी का मसौदा दो फरवरी को राज्य सरकार को सौंप देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बाद उसे जल्द कानूनी जामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में भी मसौदे पर चर्चा होगी और उसके बाद पांच फरवरी से विधानसभा का सत्र आहूत है। फरवरी 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा किया था। मार्च में सरकार गठन के बाद राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इसके लिए समिति गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी और 27 मार्च 2022 को इसका गठन किया गया। करीब दो साल के कार्यकाल के दौरान विशेषज्ञ समिति की उप समितियों ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विभिन्न धर्मों, समुदायों, वर्गों, हितधारकों तथा राजनीतिक दलों से व्यापक विचार–विमर्श किया तथा उनके सुझाव लिए।



## केरल के पी सी जार्ज ने भाजपा में अपनी पार्टी का विलय किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पीसी जॉर्ज ने बुधवार को अपनी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय कर दिया। केरल के राजनीतिक मामलों के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जॉर्ज अपने बेटे शॉन और केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के अन्य नेताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज पी सी जॉर्ज के नेतृत्व वाला केरल जनपक्षम (सेक्युलर) भारतीय जनता पार्टी में विलय कर रहा है और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' में बदलने के दृष्टिकोण में पूरा भरोसा दिखा रहा है।

भाजपा में जॉर्ज का स्वागत करते हुए एंटनी ने कहा, जनपक्षम का आज विलय केरल में एक ऐतिहासिक शुरुआत होगी जहां भाजपा अधिक से अधिक बढ़ेगी और भारत को एक विकसित देश में बदलने के प्रधानमंत्री के अभियान में योगदान देगी।



## नक्सली अपने खिलाफ सरकार की लड़ाई तेज होने की वजह से हताश हैं : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जगदलपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कहा कि नक्सली हताश हो गए हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की ''डबल इंजन'' सरकार ने नक्सली समस्या के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है।

राज्य के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर मंगलवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जान गंवाने वाले, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों को साय ने बुधवार को श्रद्धांजलि दी। इस घटना में 15 सुरक्षा कर्मी घायल भी हुए हैं। मुठभेड़ में जान गंवाने वाले जवानों को बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर के करणपुर गांव में सीआरपीएफ की कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन) इकाई की 201वीं बटालियन के शिविर में श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी के सत्ता में आने के बाद 'डबल इंजन' (राज्य और केंद्र में भाजपा)सरकार बनी है, इसलिए नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी गई है, जिससे वे हताश हो गए हैं। उन्होंने कहा ''तेकालगुडेम में, कल एक नया शिविर स्थापित किया गया था और अचानक नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया। लेकिन हम लड़ाई जारी रखेंगे। मैंने कल (राज्य की राजधानी) रायपुर में दो अस्पतालों में जाकर घायल जवानों से मुलाकात की। उन्होंने साहसपूर्वक मुकाबला किया और उनका मनोबल ऊंचा है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

साय ने कहा कि पुलिस शिविरों की स्थापना कर उनकी सरकार अपनी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा, हम उन्हें अंदरूनी इलाकों में पक्के घर, बिजली आपूर्ति और अन्य सुविधाएं मुहैया कराना चाहते हैं।

## ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग 5 प्रतिशत गिरी : डब्ल्यूजीसी

**मुंबई/भाषा।** एक्सचेंज–ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी।

रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर–दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

## भाजपा ने संसद का अपमान किया, लोकतंत्र को खतरे में डाला : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्ष पर किए गए हमले को लेकर पलटवार करते हुए बुधवार को दावा किया कि मोदी सरकार संसदीय लोकतंत्र को नष्ट कर रही है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने संसद का अपमान किया है और लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हुड़दंग, नकारात्मकता और शरारतपूर्ण व्यवहार करने वालों को लोकतंत्रप्रेमी याद नहीं रखेंगे और उनके लिए यह बजट सत्र पश्चाताप का भी अवसर है।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी ने संसद के बाहर बयान दिया। हम उन्हें याद दिलाना चाहते हैं कि कैसे उनकी सरकार संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने दावा किया, संसद के पिछले सत्र में दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित करके केवल 3 दिनों में 14 विधेयक पारित किए गए। मौजूदा लोकसभा में एक घंटे से भी कम चर्चा में 172 में से 64 विधेयक पारित हो चुके हैं। 17वीं लोकसभा की इसी अवधि में राज्यसभा में एक घंटे से भी कम चर्चा के साथ 61 विधेयक पारित किए गए।

खरगे ने कहा, वर्तमान लोकसभा अपना 5 साल का कार्यकाल उपाध्यक्ष के बिना पूरा करेगी, यह पद पारंपरिक रूप से विपक्षी सदस्य के लिए आरक्षित है। इससे पता चलता है कि कैसे निरंकुश मोदी सरकार संविधान का उल्लंघन कर रही है और विपक्ष का गला घोंट रही है। उन्होंने आरोप लगाया, 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 9 फरवरी को पूरा होने वाला है। 17वीं लोकसभा, पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाली सभी लोकसभाओं की तुलना में सबसे कम दिनों तक बैठी। यह बताता है कि कैसे मोदी सरकार संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने पर तुली हुई है।

## विजयन ने कांग्रेस पर 'नरम हिंदुत्व' अपनाने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने राज्य विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर ''नरम हिंदुत्व'' का रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि वह नेहरूवादी धर्मनिरपेक्षता को कायम रखने में नाकाम रही है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में विजयन ने विपक्षी दल की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान असम में एक मंदिर के दर्शन किए और कर्नाटक तथा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकारों ने विशेष समारोह आयोजित किए। उन्होंने पूछा, कांग्रेस इससे क्या संदेश देने की कोशिश कर रही है? क्या उग्र सांप्रदायिकता का मुकाबला नरम सांप्रदायिकता से करना संभव है?''



विजयन ने आरोप लगाया कि इन कदमों से साफ है कि कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांप्रदायिक एजेंडे का मुकाबला करने के बजाय ''नरम हिंदुत्व'' अपना रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेहरूवादी धर्मनिरपेक्षता का पालन करने में सक्षम नहीं है। वह नरम हिंदुत्व की नीति अपना रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मंदिरों में विशेष पूजा करने का निर्देश देने और हिमाचल प्रदेश सरकार के 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का उदाहरण दिया।

विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष, लेकिन तीखा प्रहार करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में प्रशासकों का पुजारी के तौर पर अनुष्ठान करने का कदम किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश की नींव हिला देगा। उन्होंने अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मोदी के 'यजमान' के तौर पर अनुष्ठान करने के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि शासक देश में विभिन्न जातियों और धर्मों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

यह उल्लेख करते हुए कि धार्मिक आस्था और ईश्वर की पूजा किसी भी धर्म के व्यक्ति के अधिकारों में से एक हैं, विजयन ने कहा कि किसी को भी इस अधिकार को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि, संघ परिवार की ताकतें चुनावों के दौरान ईश्वर का सहारा लेकर और संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक भावनाओं को नुकसान पहुंचाकर एक बार फिर सत्ता में आने का प्रयास कर रही हैं।

पदयात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तमिलनाडु के तिरुवन्नमलाई में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा चलाई जा रही पदयात्रा मंगलवार को पहुंची। जहां स्थानीय लोगों ने 'मेरी भूमि मेरे लोग' यात्रा में बड़े ही उत्साह के साथ अन्नामलाई का स्वागत किया। जगह जगह लोगों ने अन्नामलाई का सम्मान किया।

# द्रमुक सरकार तमिलनाडु में कभी लागू नहीं होने देगी सीएए : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लागू करने की अनुमति कभी नहीं देगी क्योंकि यह कुछ समूहों मसलन मुसलमानों और देश में शरण लिए श्रीलंकाई तमिलों के प्रति भेदभावपूर्ण है।

स्टालिन राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए फिलहाल अन्य देशों की यात्रा पर हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के 29 जनवरी के बयान कि देश में सात दिन के अंदर सीएए लागू किया जाएगा के जबाव में यह बात कही। स्टालिन ने संसद में इसे पेश किए जाने के वक्त संशोधन के पक्ष में मतदान करने के लिए राज्य के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आलोचना की।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अन्नाद्रमुक की आलोचना की और कहा कि यदि संशोधित नागरिकता विधेयक को




उस पार्टी का समर्थन न होता तो शायद यह कानून नहीं बन पाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है।

केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सोमवार को दावा किया था कि सीएए एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा था कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

स्टालिन ने कहा कि पहले, जब द्रमुक तमिलनाडु में विपक्ष में थी तो पार्टी ने सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कानून को निरस्त करने की मांग करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि 2021 में पार्टी के सत्ता संभालने के बाद राज्य सरकार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से सीएए को वापस लेने का आग्रह किया।

स्टालिन ने कहा कि द्रमुक सरकार इस विवादास्पद कानून को लागू नहीं करेगी।



## सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई की एक अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत सात फरवरी तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल जून में बालाजी को गिरफ्तार किया था। उन्हें यहां केंद्रीय कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्थानीय अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने 'नकदी के बदले नौकरी देने' से जुड़े एक घोटाले के सिलसिले में धनशोधन रोकथाम कानून के तहत बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह मामला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के समय का है जब बालाजी परिवहन मंत्री थे। अदालत ने मामले में मुकदमे की प्रक्रिया को टालने की बालाजी की याचिका पर सुनवाई सात फरवरी तक स्थगित कर दी।

## केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई।

एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है। अभियोजक ने कहा कि अदालत ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई और भाभी की हत्या के लिए भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

एसपीपी ने बताया कि इसके अलावा अदालत ने हत्या के प्रयास, घर में जबरन दाखिल होने और गंभीर चोट पहुंचाने सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोपी को कुल 46 साल की सजा सुनाई और उस पर 4.16 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि अदालत ने आदेश दिया कि दोषी पहले हत्या के अलावा किए गए अपराधों की सजा भुगतेगा और उसके बाद आजीवन कारावास की सजा शुरू होगी। लोक अभियोजक के मुताबिक दोषी ने 2018 में संपत्ति विवाद में घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि दोषी ने 33 वर्षीय पीड़िता के एक नाबालिग बेटे की भी हत्या करने की कोशिश की थी।

बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अपनी विदेश यात्रा के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने स्पेन में मंगलवार को शीर्ष कम्पनियों के सीईओ के साथ बैठक में भाग लिया।



## दक्षिण रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आश्रय विशेष स्कूल के बच्चों के लिए पिकनिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां दक्षिण रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा विशेष बच्चों के लिए स्कूल 'आश्रय' चलाया जाता है। संगठन का नेतृत्व सोनिया सिंह करती हैं जो विशेष बच्चों की जरूरतों और कल्याण के प्रति बहुत दयालु हैं।

मंगलवार को, उन्होंने इन आश्रय बच्चों के लिए चेन्नई रेल संग्रहालय की सैर की व्यवस्था की। बच्चे टॉय ट्रेन की सवारी करके बहुत खुश हुए और उत्साहपूर्वक संग्रहालय गैलरी में घूमे।

श्रीमती सोनिया ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर बच्चों को जलपान और उपहार वितरित किये। वर्तमान में कॉन्स्टेबल रोड, पेरुंबूर में स्थित, स्कूल सह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र विशेष बच्चों के लिए व्यक्तिगत शैक्षिक कार्यक्रम की पेशकश के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

आश्रय में शारीरिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त जगह के साथ एक विशाल इमारत है और इसमें 15 वर्षों से अधिक के अनुभव वाले विशेष शिक्षक हैं, जिनका लक्ष्य स्व-सहायता कौशल, शिक्षाविदों, लिफाफे बनाने जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर देकर बच्चों को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है।, दीये, मोमबत्तियाँ और अन्य चीजें। योग, खेल चिकित्सा, कला और शिल्प जैसी अन्य गतिविधियाँ भी पाठ्येतर गतिविधियों का हिस्सा हैं। छात्रों को फिजियोथेरेपी सत्र भी प्रदान किए जाते हैं।

## बेंगलूरु एफसी ने भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल पुजारी से अनुबंध किया



**बेंगलूरु।** बेंगलूरु एफसी ने बुधवार को भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल पुजारी को अनुबंधित करने की घोषणा की। निखिल 2027-28 सत्र के अंत तक बेंगलूरु एफसी के साथ रहेंगे। इस महीने कतर में एएफसी एशियाई कप में निखिल भारत के ग्रुप चरण के मुकाबलों के दौरान दो बार शुरुआती एकादश में शामिल थे जबकि एक बार स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे।

बेंगलूरु एफसी के साथ करार के संदर्भ में निखिल ने कहा, मेरे पास चुनने के लिए कुछ पेशकश थीं लेकिन टीम (बेंगलूरु एफसी) जिस तरह चीजों को करना चाहती है उसने मेरे लिए फैसला लेने को आसान कर दिया। कर्नाटक में जन्में निखिल ने अपना अधिकतर युवा करियर मुंबई के क्लबों में बिताया। वह सीनियर स्तर पर पहली बार ईस्ट बंगाल से जुड़े। वह इसके बाद एक सत्र पुणे सिटी एफसी की ओर से खेले और 2021-22 सत्र में हैदराबाद एफसी के साथ आईएसएल चैंपियन बने।

# कांग्रेस विधायक ने लोस चुनाव में अधिकतम सीट न जीतने पर गारंटी योजनाएं रोकने की वकालत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक एच. सी. बालकृष्ण ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के अधिकतम सीट जीतने में विफल रहने की स्थिति में गारंटी योजनाओं को बंद करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यदि अधिकतम सीट नहीं मिलती है तो यह माना जायेगा कि लोगों ने योजनाओं को खारिज कर दिया है।

राज्य के मागड़ी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बालकृष्ण ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार से बात की है और कहा कि यह लोगों को तय करना है कि वे 'अक्षत' चाहते हैं या पांच गारंटी योजनाएं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ /विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवियों द्वारा हल्दी और घी मिश्रित चावल (अक्षत) के दाने वितरित किये गये थे। इस बीच विपक्षी दल भाजपा ने विधायक बालकृष्णन और कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने हालांकि इस संबंध में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कोई भी गारंटी योजना बंद नहीं की जाएगी और इसे पांच साल तक जारी रखा जायेगा। बालकृष्ण ने कहा, ''हम काम करेंगे, पांच साल हमारी सरकार रहेगी। मैं आपसे एक बात पूछता हूं कि आपका वोट 'अक्षत' के लिए है या पांच गारंटी के लिए।''

अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हम सभी हिंदू हैं, हम भी मंदिर निर्माण का समर्थन करते हैं, लेकिन हमारा तर्क यह है कि मंदिर के नाम पर वोट मांगना सही नहीं है। उन्होंने कहा, ''इस स्थिति में, यदि लोग मंदिर निर्माण के लिए (भाजपा के पक्ष में) मतदान करते हैं तो मैंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से कहा कि लोग हमें (कांग्रेस को) संसदीय चुनाव में ज्यादातर सीट जिताते हैं तो ही गारंटी योजनाएं जारी रखें। यदि लोग कांग्रेस को ज्यादातर सीट नहीं जिताते, तो यह माना जा सकता है कि लोगों ने गारंटी योजनाओं को अस्वीकार कर दिया है।''





गारंटी योजनाओं के फायदे गिनाते हुए उन्होंने कहा, इतना सब करने के बावजूद अगर लोग हमें वोट नहीं देते हैं और हमें खारिज कर देते हैं, तो हम क्या फैसला करें? इन गारंटियों का कोई मूल्य नहीं है, लेकिन अक्षत का मूल्य है। तो हम गारंटी रद्द कर देंगे और हम भी मंदिर बनाएंगे, वहां पूजा करेंगे, अक्षत देंगे और वोट लेंगे।

बालकृष्ण ने कहा, ''क्या करना है मुझे बताओ? आपको गारंटी योजनाएं चाहिए या अक्षत। आपको यह तय करना होगा। मैंने मुख्यमंत्री से कहा है कि उनकी सरकार के कार्यक्रमों के कारण लोगों को कांग्रेस को जिताना चाहिए और हमारी पार्टी के सांसदों को चुनना चाहिए, यदि ऐसा नहीं होता है तो यह समझा जाएगा कि लोगों को आपकी गारंटी योजनाएं नहीं चाहिए।'' कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी योजनाओं में सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति), प्रत्येक परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रु. की मासिक सहायता (गृह लक्ष्मी), बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को अतिरिक्त पांच किलो चावल के बदले नकद भुगतान (अन्न भाग्य), स्नातक युवाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपये व डिप्लोमा धारकों के लिए 1,500 रुपये (युवानिधि) और सार्वजनिक परिवहन बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा शामिल हैं। बालकृष्ण की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने चिक्कमगलूरु में कहा कि इससे पता चलता है कि जो कांग्रेस नेता राज्य की कुल 28 संसदीय सीट में से 20 से अधिक सीट जीतने के भ्रम में थे, उन्होंने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले साल विधानसभा चुनाव जीता और पूरी तरह से फर्जी गारंटी' देकर सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस सरकार को राज्य के लोगों के साथ अन्याय नहीं करने देगी। विजयेंद्र ने कहा, ''यह लोगों को 'ब्लैकमेल' के अलावा कुछ नहीं है...कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए।'' भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी इस बयान के लिए कांग्रेस और बालकृष्ण की आलोचना की है।

### विधायक के गारंटी योजनाओं को रोकने के बयान पर शिवकुमार ने दी सफाई

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में भाजपा के तंज के बाद, राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कांग्रेस विधायक के बयान पर सफाई दी। विधायक ने बयान दिया था यदि लोकसभा चुनाव में पार्टी को समर्थन नहीं मिला तो गारंटी योजनाओं के बंद होने की संभावना है।

शिवकुमार ने बेंगलूरु में बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी की गारंटी योजनाएं पांच साल तक जारी रहेंगी। विधायक एचसी बालकृष्ण ने लोगों को केवल सावधान रहने की चेतावनी दी थी। लेकिन, भाजपा यह प्रचार कर रही है कि कांग्रेस गारंटी योजनाओं को बंद करने जा रही है। बालकृष्ण ने मंगलवार को कुदुर शहर के पास श्रीगिरिपुरा गांव में एक जन संपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने कहा, आप 'मंत्रक्षते' (अयोध्या से लोगों को वितरित चावल के पवित्र अनाज) या गारंटी योजनाओं के लिए मतदान करने का निर्णय लेते हैं। विधायक बालकृष्ण ने कहा था, अगर कांग्रेस पार्टी को अच्छा समर्थन नहीं मिला तो गारंटी योजनाएं बंद की जा



सकती हैं। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने बुधवार को पार्टी का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि बालकृष्ण का बयान पार्टी द्वारा युद्ध से पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी के सामने आत्मसमर्पण करने का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी योजनाएं सिर्फ लोगों का वोट पाने का लालच हैं, ये स्थायी योजनाएं नहीं हैं जो लोगों के जीवन को आकार देंगी। आर. अशोक ने कहा, भारतीयों, कन्नड़ लोगों का भरोसा और विश्वास केवल पीएम मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर है, कांग्रेस की गारंटी पर नहीं।



## टीपू सुल्तान की मूर्ति को चप्पलों की माला पहनाई, सिरवार शहर में तनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर जिले के सिरवार शहर में बुधवार को मैसूरु के पूर्व शासक टीपू सुल्तान की मूर्ति को चप्पलों की माला पहनाने के बाद तनाव उत्पन्न हो गया। बुधवार तड़के कुछ शरारती तत्वों ने टीपू सुल्तान की प्रतिमा पर चप्पलों की माला पहना दी और सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई, इससे लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना की निंदा करते हुए बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं और टीपू सर्कल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क को अवरुद्ध कर दिया और विरोध स्थल पर टायर जलाए। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बदमाशों का सुराग पाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घटना के संबंध में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है।



## पशुपालन मंत्री जोराराम ने पशुपालन निदेशालय का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को पशुपालन निदेशालय का निरीक्षण किया। कुमावत ने निदेशालय के सभी प्रखंडों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलों में जिला स्तरीय पशु मेले का आयोजन, पशुधन सहायकों की नियुक्ति और पशुधन भवन के निर्माण के लिए प्राथमिकता से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि जो मेले पहले से चले आ रहे हैं उन्हें जारी रखते हुए जिला स्तरीय मेलों का आयोजन साल में एक बार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुपालक अपने पशुओं के साथ लंबी दूरी के लिए नहीं जा सकते इसलिए जिला स्तर पर मेलों का आयोजन पशुपालकों के लिए बहुत सुविधाजनक और लाभदायक तो होगा ही साथ ही विभाग का भी प्रचार प्रसार होगा।

उन्होंने नवसृजित पशुचिकित्सा उपकेंद्रों के लिए भवन निर्माण करवाया जाकर सुचारु रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पशुचिकित्सा संस्थाओं में पशुधन निःशुल्क दवा योजना के तहत औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करावें ताकि गरीब पशुपालकों को समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखकर पहले से ही योजना बना लेनी चाहिए। राज्य स्तर पर आयोजित एस एल ई सी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नेशनल लाइफ स्टॉक मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास योजना का लाभ अधिकाधिक पशुपालकों को मिल सके, इसके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में दोहन की अपार संभावनाएं हैं और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसे व्यवसाय के तौर पर अपनाए जाने की आवश्यकता है। देशी गोवंश के मामले में राजस्थान समृद्ध प्रदेश है, क्योंकि यहां की देशी नस्लों को हर परिस्थिति में पाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्द्धन में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने युवाओं से भी इस क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए उनसे स्टार्ट अप शुरू करने की बात कही।


पशुपालन मंत्री ने इस अवसर पर आर एल डी बी, अमृता देवी जीव जंतु कल्याण बोर्ड और गोपालन निदेशालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले, पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़, आर एल डी बी के कार्यकारी निदेशक डॉ आनंद सेजरा, गोपालन विभाग के निदेशक डॉ सुभाष महरिया सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दस हजार की रिश्वत लेते नर्सिंगकर्मी गिरफ्तार

कोटा। एसीबी द्वारा की गई कार्रवाई में संभाग के सबसे बड़े एमबीएस अस्पताल के सीनियर नर्सिंगकर्मी मंसूर अली अंसारी को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उसने बिल पास करने की एवज में इस रकम की मांग की थी।

मामले की जानकारी देते हुए कोटा एसीबी के डीआईजी कल्याणमल मीणा ने बताया कि परिवादी का एमबीएस अस्पताल में मशीनरी मेंटेनेंस व पार्ट्स सप्लाई का ठेका है। इस संबंध में उसके बिल पास करने के एवज में सीनियर नर्सिंगकर्मी मंसूर अली अंसारी ने पंद्रह हजार रुपये की मांग की थी, जिसमें से 5000 रुपये वह पहले ही ले चुका था। परिवादी ने रिश्वत मांगने के मामले की कोटा एसीबी में शिकायत की।

### सुनवाई



जयपुर में बुधवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आज अपने आवास स्थल पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का संज्ञान लिया साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान के लिये निर्देश दिये।

# राजस्थान में 30 जून के बाद हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में पांच साल पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार यह हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट 30 जून 2024 तक लगानी होगी। इसके लिए परिवहन विभाग ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटो मोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स के साथ करार किया है। ऐसा नहीं करने पर परिवहन विभाग ऐसे वाहन मालिकों पर कार्रवाई कर चालान करेगा। पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की समय सीमा निर्धारित है। इसमें जिन वाहनों के पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 1 अथवा 2 है, उन्हें 29 फरवरी तक प्लेट लगवानी है। एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे वाहनों में अब हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी वाहन पर यह नंबर प्लेट नहीं लगी मिली तो उसका चालान किया जाएगा। वाहनों में ट्रक, कार, बाइक, ट्रैक्टर एवं ऑटो को शामिल किया गया है।

इसमें जिन वाहनों के पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 1 अथवा 2 है, उन्हें 29 फरवरी तक प्लेट लगवानी है, जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 3 अथवा 4 है, वह 31 मार्च तक, जिनके अंतिम अंक 5 अथवा 6 है, वह 30 अप्रैल तक तथा जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 7 अथवा 8 है, वह 31 मई तक प्लेट लगवा सकते हैं।

इसी तरह पंजीयन क्रमांक 9 अथवा 0 वाले वाहनों के मालिक 30 जून तक एचएसआरपी प्लेट लगवा सकते हैं। परिवहन विभाग ने वाहनों पर लगने वाली नंबर प्लेट की मियाद में बढ़ोतरी की है। पहले मियाद 31 मार्च, 2024 रखी थी। अब इस तारीख को बढ़ाकर 30 जून, 2024 कर दिया है। आरटी राजेश शर्मा ने बताया कि वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए एसआईएएम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

नंबर प्लेट लगाने के लिए वाहन मालिक को सियाम सॉफ्टवेयर पर जाना होगा। सबसे ऊपर की लाइन में बुक एचएसआरपी पर अप्लाई करना होगा। इसके बाद वाहन की डिटेल भरनी होगी, जिस कंपनी का वाहन होगा, उसका चयन करना होगा। क्लिक करने पर शहर और डीलर्स का नाम चयन करना होगा। चयन करने पर नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन तारीख और फीस भरने के बाद स्लीप लेनी होगी। निर्धारित तारीख को संबंधित डीलर पर जानकर प्लेट लगवानी होगी।

### कुशलक्षेम



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने राज्यपाल मिश्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल मिश्र के बाएं घुटने का मंगलवार को ऑपरेशन हुआ है।

# राजस्थान में कई जगह हल्की बारिश हुई

जयपुर। एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बीते चौबीस घंटे की अवधि में राजस्थान के कई इलाकों हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंट में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व झुंझुनूं जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक पांच मिलीमीटर बारिश हनुमानगढ़ में हुई। इसके अलावा सरदारशहर में चार मिमी, अनूपगढ़ और तारानगर में तीन-तीन मिमी, पीलीबंगा में दो और रावतसर में एक मिमी बारिश हुई। इसके अनुसार बुधवार को भी राज्य के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

# पूर्व सांसद मानवेंद्र और उनके बेटा को इलाज के लिए गुरुग्राम में भर्ती कराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह, उनके बेटे और चालक को आगे के इलाज के लिए अलवर से गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह की कार (एसयूवी) मंगलवार शाम चार बजकर 21 मिनट पर मुंबई एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से जयपुर आते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में उनकी पत्नी चित्रा सिंह की मौत हो गई थी और पूर्व सांसद, उनका बेटा हमीर तथा चालक नरेंद्र घायल हो गए थे।

अलवर के अस्पताल के एक चिकित्सक ने बुधवार को बताया कि सिंह, बेटे और चालक को उनके परिवार के सदस्यों के अलवर पहुंचने के बाद कल देर रात 'ग्रीन कॉरिडोर' के माध्यम से गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

उन्होंने बताया कि चित्रा सिंह का शव जोधपुर भेज दिया गया है। चिकित्सक ने बताया कि सिंह को दोनों तरफ की पसलियों सहित कई फ्रैक्चर हुए हैं, उनके बेटे का हाथ टूट गया है और चालक को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि तीनों खतरे से बाहर हैं।

इस बीच, घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसमें तेज रफ्तार वाहन सड़क से फिसलकर नौगांव के पास सीमेंट की दीवार से टकराता दिखाई दे रहा है। बाड़मेर से पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने वर्ष 2018 झालरापाटन निर्वाचन क्षेत्र से तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता वसुंधरा राजे के खिलाफ विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गये थे।



# उचित मूल्य की दुकानों पर भौतिक सत्यापन के लिए शीघ्र लगाएं आइरिस मशीनें : गोदारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने 'राजस्थान कृषक समर्थन योजना' के अंतर्गत प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली गेहूं की खरीद पर किसानों को 125 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की प्रभावी क्रियान्विति के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में अभिभाषण पर बहस के जवाब में इस संबंध में घोषणा की थी। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। गोदारा बुधवार को मंत्रालय भवन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड और उपभोक्ता मामलात विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

खाद्य मंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश के किसानों को गेहूं की उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपए प्रति क्विंटल के साथ 125 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। उन्हांने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्हांने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के गरीब परिवार की महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना प्रारंभ की है। इससे देशभर में सबसे सस्ता सिलेंडर राजस्थान में मिल रहा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि उचित मूल्य की दुकानों पर योजना के होर्डिंग्स एवं सेल्फी प्वाइंट लगाए जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उचित मूल्य की सभी दुकानों पर भौतिक सत्यापन के लिए आइरिस मशीनें स्थापित की जाएं जिससे पात्र लोगों को लाभ लेने में सहूलियत हो।

खाद्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रदेश के वह परिवार जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक आयु के हों या विशेष दिव्यांगजन हां ऐसे परिवारों को राशन की समय पर निःशुल्क होम डिलीवरी की जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग उचित मूल्य की दुकान पर आने में असमर्थ हैं उन्हे इससे राहत मिलेगी।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने खाद्य मंत्री को अवगत करवाया कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अंतर्गत पीएम उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों को 450 रूपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। वर्तमान में इस योजनांतर्गत जनवरी के प्रथम पखवाड़े में 9 लाख 44 हजार 655 लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

# राज्य सरकार ईआरसीपी पर किए गए एमओयू पर स्थिति स्पष्ट करें : राठौड


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ ने राज्य सरकार से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के लिये किये गये समझौता पत्र पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। राठौड ने बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान के हक को मारकर, मध्यप्रदेश के लिये ज्यादा लाभदेय, ये करार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुश करने के लिये किया गया है। परियोजना कब शुरू होकर, कब पूरी होगी , ये इनके नेताओं की विरोधाभासी बयानों से अस्पष्ट है। उन्होंने कहा कि जनता के सामने परियोजना की तस्वीर साफ होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एम.ओ.यू. पूर्वी राजस्थान की जनता के साथ छलावा है। एम.ओ.यू.

पानी की मात्रा का कहीं जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अजमेर मे 2500 एमसीएम पानी मिलने की बात कही, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में 3500 एमसीएम का जिक्र किया। ये विरोधाभासी बयान गुमराह करने वाले हैं। वास्तव में राजस्थान को कितना पानी मिलेगा, स्पष्ट नहीं है। इसमें भी पीने के लिये कितना, सिंचाई के लिये कितना तथा उद्योग-धंधों के लिये कितना पानी मिलेगा, सरकार को बताना चाहिये। उन्होंने आरोप लगाया कि इस परियोजना का समझौता राजस्थान के हितों को मारकर किया गया है। समझौते में 2.8 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की बात भी बेमानी है, जिसका कांग्रेस सदन के अंदर और सदन के बाहर भी विरोध कर रही है ताकि प्रदेश की जनता का हित सुरक्षित रहे।

लोकसभा चुनाव में जीत के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 25 की 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, जबकि वह अलवर सीट के प्रभारी हैं, वह अलवर सहित 12 से 13 सीट निकालने में मदद का सकते हैं लेकिन वास्तविकता वहां के प्रभारी ही बता सकेंगे।

### पूजा



बीकानेर के देशनोक में बुधवार को श्री करणी माता जी मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना करते पूर्व भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया।

# सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से दो लोगों की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे । उन्होंने बताया कि अचानक मिट्टी ढह जाने से दोनों उसमें दब गये और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों को तुरंत बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये हैं और इस संबंध में अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कोटा में आयोजित होगा आत्मनिर्भर भारत उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा शहर में केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से तीन से आठ फरवरी तक आत्मनिर्भर भारत उत्सव का आयोजन किया जायेगा। वस्त्र मंत्रालय ने इससे पूर्व गुजरात के सूरत में पिछले वर्ष नौ अप्रैल और मुंबई में 10 दिसंबर को साड़ी वॉकथॉन के दो संस्करण आयोजित किये थे। वस्त्र उद्योग और लोकल फॉर वोकल की भावना को बढ़ावा देने के लिये हजारों महिलाओं ने अपने राज्य के गौरव के अनुरूप हथकरघा से बनी साड़ियां पहनकर साड़ी वॉकथॉन में हिस्सा लिया। इसी प्रकार देश में आत्मनिर्भरता का जश्न मनाने के लिये तीन से 10 जनवरी तक नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत उत्सव-2024 का भी आयोजन किया गया।

सूरत और मुंबई में साड़ी वॉकथॉन और भारत मंडपम में आत्मनिर्भर भारत उत्सव की सफलता के बाद देश के शिक्षा केंद्र कोटा में अब तक के सबसे बड़े साड़ी वॉकथॉन की मेजबानी के लिये तैयारियां की जा रही हैं। इसका आयोजन भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय कर रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के बीच फिटनेस के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है। देश भर से आईं महिलाएं अपने-अपने पारंपरिक तरीके से साड़ी पहनकर उत्सव में भाग लेंगी। आत्मनिर्भर भारत उत्सव आत्मनिर्भरता और पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों की कला का उत्सव मनायेगा। हमारा हथकरघा क्षेत्र देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक होने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार प्रदान करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा, अधिकारी समेत नौ लोगों पर मुकदमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हाल ही में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समाज कल्याण विभाग के सहायक विकास अधिकारी और आठ लाभार्थियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना करते हुए प्रकरण की जांच की मांग की है। मामले के मुताबिक गत 25 जनवरी को मनियर इंटर कॉलेज में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कई ऐसे लोगों की शादी करायी गई जो पहले से ही शादीशुदा थे। मनियर थाने के प्रभारी मंतोष सिंह ने बुधवार को बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव की तहरीर पर मंगलवार की रात सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार यादव और आठ लाभार्थियों अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, प्रियंका, सोनम, पूजा, संजू और रमिता के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि जिला



समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने अपनी तहरीर में कहा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मनियर इंटर कॉलेज में गत 25 जनवरी को सामूहिक विवाह सम्पन्न होने के बाद फर्जी वरवधुओं के विवाह होने का मामला सामने आने पर मुख्य विकास अधिकारी ने 29 जनवरी को मामले की जांच के आदेश दिए थे। कथित तौर पर इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें बबलू नामक एक युवक संवाददाताओं को बता रहा है कि वह सामूहिक विवाह कार्यक्रम देखने गया था, वहां उसे दोतीन हजार रुपए का लालच देकर 'शादी के लिए' बैठा लिया गया था।

संवाददाताओं के पूछने पर युवक बता रहा है कि उसे टोपी लगाकर और माला पहनाकर फोटो खींची गई थी। वीडियो में युवक यह भी कह रहा है कि वहां इस तरह से बैठाए गए बहुत से लोग थे। उसे इसके लिए धन भी नहीं मिला।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की एक समिति गठित की गई थी।

सिंह ने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## भाजपा धांधली से चुनाव जीतती है, ताजा उदाहरण चण्डीगढ़ का : अखिलेश



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा धांधली से चुनाव जीतती है और ताजा उदाहरण चण्डीगढ़ का है, जहां अधिकारी ने कैमरे के सामने बेईमानी कर विपक्ष का वोट रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को जिताया। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने दावा किया कि 2022 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश की जनता ने समाजवादियों को जिताया था, लेकिन बेईमानी करके भाजपा ने परिणाम अपने पक्ष में कर लिया।

पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, अखिलेश ने बुधवार को मैनपुरी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का है, बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने का है, आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचाने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार छीन रही है। सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर रही है और लोकसभा चुनाव में यही एनडीए (राजग) को हराएगा।

यादव ने कहा, भाजपा का परिवार सबसे खतरनाक है। वह परिवार समाज में नफरत फैला रहा है। संस्कृति को नष्ट कर रहा है। हमारे देश की संस्कृति, मेल-मिलाप की रही है, लेकिन भाजपा का परिवार समाज को बांटने का काम कर रहा है।




## पहले की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या, संसद में उठता था मुद्दा : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था और संसद के प्रत्येक सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था।

योगी ने कहा कि 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं नवाचार से जोड़ा। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण भी अपना रहा है। इससे उनकी आय दोगुनी हुई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है और उनके आयुर्वेदिक उत्पादों को प्रोत्साहित कर रही है, इससे उत्तर प्रदेश का किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है।



## सत्ता में आने के बाद देशभर में जातिगत जनगणना कराएंगे : राहुल

**मालदा (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जोर देकर कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आती है तो देशभर में जातिगत जनगणना कराई जाएगी।

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के हिस्से के रूप में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस)और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नफरत और हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम सामाजिक न्याय चाहते हैं। केंद्र की सत्ता में आने के बाद हम दलितों और अन्य पिछड़े समुदायों के लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए देशभर में जातिगत जनगणना कराएंगे। भाजपा और आरएसएस पर नफरत व हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए राहुल ने यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा गया क्योंकि देशभर में अन्याय हो रहा है।

## 'राहुल गांधी का यह दावा बेतुका है कि जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था।

राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है। कुमार ने कहा, उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी



ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ''एक तरह से उन्हें राहत'' दे दी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा, वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं औ जाने का सवाल नहीं उठता।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा, जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। उनके खिलाफ आरोप है...और ईडी उन मामलों की जांच कर रही है।

कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे।

केंद्रीय एजेंसी ने कथित 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव से आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी, जबकि इसी मामले में उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद से भी सोमवार को नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी।

## बनर्जी ने भाजपा के पक्ष में कांग्रेस पर माकपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मालदा (प. बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कांग्रेस पर आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत करने के लिए माकपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में दो सीट पर चुनाव लड़ने के उनके प्रस्ताव को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया।



उन्होंने आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य में अपने 34 साल के शासन के दौरान लोगों को ''प्रताड़ित'' किया था और वह इसके लिए वामदल को ''कभी भी माफ नहीं कर पाएंगी''।

बनर्जी ने कहा, कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है... मैंने उन्हें दो लोकसभा सीट की पेशकश की लेकिन वे और अधिक चाहते थे। इसलिए, मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी। उन्होंने कहा, मैं माकपा को कभी माफ नहीं करूंगी। मैं उन लोगों को भी माफ नहीं करूंगी जो माकपा का समर्थन करते हैं... क्योंकि ऐसा करके वे वास्तव में भाजपा का ही समर्थन कर रहे हैं। मैंने पिछले पंचायत चुनावों में ऐसा देखा है। बनर्जी ने कहा कि यदि मालदा से कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता गनी खान चौधरी के परिवार से कोई चुनाव लड़ता है तो उन्हें आपत्ति नहीं है। लेकिन टीएमसी भी चुनाव लड़ेगी। वे (कांग्रेस) भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा के साथ मिलकर लड़ेंगे...केवल टीएमसी ही राज्य में भाजपा से राजनीतिक रूप से लड़ने में सक्षम है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषणा में आंकड़े गुमराह करने वाले, सच छिपाने का प्रयास किया गया : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में आंकड़ों के जरिये गुमराह करने का प्रयास किया गया और इसमें महंगाई एवं बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं था। पार्टी नेता गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को संसद पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे हमले को लेकर चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अभिभाषण में इसका विवरण होना चाहिए था कि इस नए सदन में लोकतंत्र को कैसे रौंदा जा रहा है। पिछले ही सत्र में 146 सांसदों को हक की आवाज उठाने के लिए निलंबित कर दिया गया। इसी सदन से एक महिला सांसद के मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर उन्हें बाहर निकाल दिया गया, लेकिन जिस भाजपा सांसद की अनुशंसा पर पास लेकर कुछ लोगों ने सदन में कूदकर हंगामा किया, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं गई। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सरकार दोहरे मापदंड अपना रही है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गोगोई ने कहा कि आज सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की सच्चाई अभिभाषण में नहीं दिखी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी चरम पर है। आंकड़ों के जरिये देश के आर्थिक संकट को छिपाया नहीं जा सकता। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, आज संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति जी ने संबोधित किया। देश की जनता को इस भाषण से बहुत उम्मीदें थी, क्योंकि ये भाषण सरकार के 10 साल के कार्यकाल में आखिरी भाषण था। हमें लग रहा था कि मोदी सरकार ने जो गारंटियां दी हैं, यहां उनकी सफलता और विफलता की जानकारी दी जाएगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, क्योंकि मोदी सरकार की सारी गारंटियां फेल हो चुकी हैं।

## लखनऊ से 150 किमी पदयात्रा कर अयोध्या पहुंचे, 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में पूजा के लिए भक्तों में जबर्दस्त उत्साह के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन 'मुस्लिम राष्ट्रीय मंच' से जुड़े 350 लोग 150 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर यहां पहुंचे और रामलला के दर्शन किए।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह दल 25 जनवरी को लखनऊ से चला था और रोजाना 25 किलोमीटर पदयात्रा कर मंगलवार को यहां पहुंचा। संगठन के मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बुधवार को एक बयान में बताया कि 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। इस दौरान उनकी आंखों में 'गर्व के आंसू' और जुबान पर 'जय श्री राम' का नारा था। इस दल का नेतृत्व मंच के संयोजक राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान ने किया। बयान के अनुसार छह दिन की इस यात्रा के दौरान प्रतिदिन 25 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इसमें कहा गया है कि दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं ने कहा कि श्री राम के आध्यात्मिक दर्शन का यह पल उनकी पूरी जिंदगी सुखद स्मृति के रूप में बना रहेगा।

मंच के संयोजक राजा रईस ने कहा, राम हम सभी के पूर्वज थे, हैं और रहेंगे।

रईस ने कहा, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि हमारा मुल्क, हमारी सभ्यता, हमारा संविधान आपस में बैर रखना नहीं सिखाता है। अगर कोई इंसान किसी दूसरे धर्म की इबादतगाह या पूजा स्थल पर चला जाए तो इसका मतलब यह कतई नहीं मानना चाहिए कि उसने अपना मजहब छोड़ दिया है। क्या दूसरे की खुशी में शामिल होना जुर्म है? मंच का मानना है कि अगर यह जुर्म है तो फिर हर हिंदुस्तानी को यह जुर्म करना चाहिए।

## अचानक ब्रेक लगने से राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा टूटा : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मालदा (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल जी से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल जी से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाए गए। तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का पिछला शीशा टूट गया। पोस्ट में कहा गया है, जनता के नेता राहुल गांधी लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता उनके साथ है, जनता उन्हें सुरक्षित रख रही है। इससे पहले दिन में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया था कि मालदा जिले में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार पर कथित तौर पर 'पत्थर फेंके गए। हालांकि, ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह घटना पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार इलाके में हुई।

## दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाज तेंदुलकर को खाता खोलने के लिए तीन मैच तक इंतजार करना पड़ा था




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सचिन तेंदुलकर ने अपने मित्रों को 'अपने जीवन का पहला मैच' देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया। अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज तेंदुलकर ने अपने समर्थकों के समूह के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही मित्र उनके दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर उन्हें निराश करते हुए पहली ही गेंद पर आउट हो गए।

तेंदुलकर ने अपने तीसरे मैच के लिए अपने मित्रों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए। तेंदुलकर हालांकि यह 'एक रन' बनाकर राहत महसूस कर रहे थे और मैदान से खुश होकर घर लौटे क्योंकि उन्होंने उस सफर की शुरुआत कर दी थी जिसे क्रिकेट का चेहरा हमेशा के लिए बदलना था।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा, अपने जीवन के पहले मैच में मैंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। मैं अपनी कॉलोनी का मुख्य बल्लेबाज था और मैंने उन्हें मैच देखने के लिए बुलाया था। मेरे सभी मित्र आए और मैं पहली गेंद पर आउट हो गया जो काफी निराशाजनक था। उन्होंने कहा, मैंने कुछ बहाने बनाए जो आमतौर पर गली क्रिकेट में स्वीकार्य होते थे। मैंने कहा कि गेंद नीची रह गई थी और वे सभी मान गए। मैंने अगले मैच में उन्हें फिर बुलाया और मैं फिर पहली गेंद पर आउट हो गया।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, बुमराह चौथे पायदान पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे। उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं। तेज गेंदबाज बुमराह ने भी इस मैच में छह



विकेट चटकाए थे जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं। टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों (जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन) को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था।

अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

दिग्गज भारतीय विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं।

## सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प : राठौड़



**विशाखापत्तनम/भाषा।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना 'मुश्किल' विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीत कर पांच मैचों की शृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच मिली हार के साथ हरफनमौला रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। अनुभवी विराट कोहली पहले ही शृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। इन परिस्थितियों में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से ही टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है। राठौड़ ने कहा, यह एक कठिन विकल्प होगा। वे टीम को मजबूती प्रदान करने वाले खिलाड़ी है। वे शानदार खिलाड़ी हैं। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है।

## पंजाब की मंजू रानी ने 10 किलोमीटर स्पर्धा का स्वर्ण जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक (पैदल चाल) चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर (किमी) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया।

इस जीत से उन्होंने 2024 ओलंपिक खेलों में पहली बार शामिल मिश्रित रिले पैदल चाल की टीम में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया।

मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दो दिवसीय आयोजन में दोहरी सफलता हासिल करने के बाद कहा, इस साल मेरा मुख्य ध्यान मिश्रित रिले स्पर्धा पर होगा और मुझे




उम्मीद है कि मैं ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है।

## सुविचार

जब लोग तुम्हे गाली दें तो तुम उन्हें आशीर्वाद दो। सोचो, तुम्हारे झूठे दंभ को बाहर निकालकर वो तुम्हारी कितनी मदद कर रहे हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सबके श्रीराम

अयोध्या में श्रीराम मंदिर भारत की आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक तो है ही, यह राष्ट्रीय एकता और सद्भाव का भी दिव्य स्थान है। यहां लगभग 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं का भगवान के दर्शन करने के लिए आना स्वागत–योग्य है। प्रभु श्रीराम किसी एक समुदाय, एक प्रांत या एक देश के नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड के हैं। उनके मंदिर के द्वार इसी भांति हर उस व्यक्ति के लिए खुले होने चाहिएं, जिसके हृदय में श्रीराम के लिए प्रेम है। सनातन धर्म इसी उदारता पर जोर देता है। ये मुस्लिम श्रद्धालु 150 किमी की पैदल–यात्रा करके आए थे! उन्हीं के शब्दों में – 'इस दौरान आंखों में गर्व के आंसू और जुबान पर 'जय श्रीराम' का नारा था।' ऐसा होना स्वाभाविक है। आज अयोध्या आने वाले श्रद्धालु जिस 'प्रसन्नता' के साथ भगवान की जय–जयकार कर रहे हैं, उसके पीछे पांच सदियों की प्रतीक्षा है। अगर समस्त लोग यह तथ्य समझते और इसे स्वीकार करते कि 'बेशक इतिहास के किसी कालखंड में किसी कारणवश हमने हमारी पूजन–पद्धतियां अलग कर लीं, लेकिन हम हैं तो श्रीराम की संतानें ही, हमारे शरीर में भारतभूमि के दिव्य ऋषियों–मुनियों का खून है', तो आज देश का मानचित्र और माहौल कुछ और ही होता। प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने में भी इतना समय नहीं लगता। विदेशी आक्रांताओं ने यहां आकर खून–खराबा करने के अलावा समाज में नफरत के गहरे बीज भी बोए थे। ऐसे बीज, जिनका परिणाम वर्ष 1947 में 'भारत–विभाजन' के रूप में सामने आया था। उन आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति और विरासत को खंडित करने की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भारत श्रीराम मंदिर में प्रतिमा की प्राण–प्रतिष्ठा कर चुका है, ज्ञानवापी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि की अदालती लड़ाई लड़ रहा है, तो वास्तव में यह 'रिक्लेम' (जो कुछ खो गया या अन्यत्र ले जाया गया, उसे वापस मांगना या प्राप्त करना) कर रहा है। इस कार्य के लिए सभी समुदायों को एकसाथ आना चाहिए।

कुछ 'बुद्धिजीवी' यह तर्क देते हैं कि 'विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमले तो सिर्फ राजनीतिक लड़ाई का हिस्सा थे ... उन्होंने आम लोगों की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाई, बल्कि बड़ी–बड़ी यादगार इमारतें बनाकर सांस्कृतिक वैभव को समृद्ध किया ... कई सुधार किए ... वे नहीं होते तो न जाने आज भारत कैसा होता!' यह पूर्णत: असत्य और निराधार है। ऐसे कई मंदिर हैं, जिन पर उन्होंने हमले किए थे, उन्हें ढहाया था, प्रतिमाएं खंडित की थीं। उनके चिह्न आज भी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे भी मंदिर हैं, जिन्हें बाद में दूसरा रूप दे दिया गया। उन पर बने स्वस्तिक, ऊँ, कलश, हंस, पुष्प आदि मंगल चिह्न देखकर साफ पता चलता है कि कभी यहां मंदिर था। दरअसल, वे आक्रांता ऐसा करके भारतवासियों का मनोबल तोड़ने और अपनी दहशत कायम रखने की कोशिश करते थे। समय बड़ा बलवान है। सत्य हज़ार तालों के भीतर बंद हो, तो भी एक दिन सामने आ जाता है। जहां तक विदेशी आक्रांताओं द्वारा इमारतें बनाकर सांस्कृतिक वैभव को समृद्ध करने का सवाल है, तो मालूम करें कि जिन देशों से वे आए थे, वहां कितनी भव्य इमारतें बनाई थीं और कितने सुधार किए थे? उस कालखंड में भारत में जितनी इमारतें बनाई गईं, वे भारतवासियों की प्रतिभा और मेहनत से बनाई गईं। उन पर भारत के संसाधन खर्च हुए थे। अक्सर कहा जाता है कि 'अंग्रेजों ने भारत में पटरियां बिछाईं, रेलवे प्रणाली दी', जबकि उन्होंने यह कार्य इसलिए किया, ताकि भारत पर अपनी पकड़ मजबूत बना सकें और लूट की दौलत को तेजी से बंदरगाह तक पहुंचा सकें। अगर अंग्रेज भारत नहीं आते, तो भी रेलवे समेत सभी चीजें यहां आतीं। क्या जिन देशों में कभी अंग्रेजों का शासन नहीं रहा, वहां आज रेलवे, बिजली, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, इंटरनेट आदि सुविधाएं नहीं हैं? विदेशी आक्रांताओं का मकसद भारत में लूटमार, अत्याचार, जमीनों व संसाधनों पर कब्जा करना था। उन्होंने तत्कालीन व्यवस्थाओं में रहीं खामियों का फायदा उठाया और यहां जोर–ज़ुल्म से शासन किया था। उनके प्रभाव से बाहर निकलकर अपनी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक पहचान को ढूंढ़ना और आत्मसात करना आज की बड़ी ज़रूरत है। इससे भारत में सद्भाव, प्रेम और एकता को बल मिलेगा तथा सुख–शांति के वातावरण का निर्माण होगा।

## सामयिक

**हर आम बजट से पहले आर्थिक सर्वे सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। अंतरिम बजट के कारण यह आर्थिक सर्वे नई सरकार बनने के बाद पेश किए जाने वाले पूर्ण आम बजट से पहले आएगा लेकिन वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की चमकदार तस्वीर पेश करते हुए रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट मुख्य आर्थिक सलाहकार के कार्यालय के अधिकारियों द्वारा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में पांचवें नम्बर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले तीन साल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगी और 2030 तक अर्थव्यवस्था 7 ट्रिलियन की हो जाएगी।**



# भविष्य का सुनहरा परिदृश्य दिखाएगा अंतरिम बजट

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के अन्तिम अंतरिम बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। भले अंतरिम बजट की अपनी सीमाएं होती हो, ऐसे बजट में किसी नई योजना को लागू नहीं किया जाता हो, फिर भी आगामी लोकसभा चुनाव एवं अर्थव्यवस्था को बल देने की दृष्टि एवं राह इस बजट में दिखेगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर तेज दौड़ाने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत होने वाला अंतरिम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी के विजन में 'जहां हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत है। जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट से क्या–क्या निकलता है। निश्चित ही यह बजट चुनावी बजट भी है। इंडिया गठबंधन में टूट–फूट के चलते भाजपा की चुनावी संभावनाएं कहीं अधिक बेहतर एवं उजली नजर आ रही है। अनुकूल चुनावी संभावनाओं के चलते अंतरिम बजट में ऐसे कदम उठाए जाने आवश्यक है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिले। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरिम बजट से पहले सरकार की ओर से रविवार को जारी की गई रिपोर्ट 'इंडियन इकॉनमी–अ रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। रिपोर्ट में इसे हासिल होने लायक लक्ष्य बताते हुए उन चीजों का जिक्र किया गया है, जो इसे मुमकिन बना सकते हैं। अंतरिम बजट में इसके लिये सकारात्मक नजरिये को बल मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी।

हर आम बजट से पहले आर्थिक सर्वे सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। अंतरिम बजट के कारण यह आर्थिक सर्वे नई सरकार बनने के बाद पेश किए जाने वाले पूर्ण आम बजट से पहले आएगा लेकिन वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की चमकदार तस्वीर पेश करते हुए रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट मुख्य आर्थिक सलाहकार के कार्यालय के अधिकारियों द्वारा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में पांचवें नम्बर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले तीन साल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगी और 2030 तक अर्थव्यवस्था 7 ट्रिलियन की हो जाएगी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 10 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2025–26 में भी 7 फीसदी ग्रोथ का अनुमान लगाया गया है। घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है और इसके साथ–साथ सरकारी निवेश और निजी निवेश भी बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के सभी संकेत अच्छे हैं। अगर यही गति बनी रही तो 2047 तक भारत विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कोविड–19 के बाद विकास दर में जो बढ़ोतरी देखने को मिली और इकॉनमी नए सिरे से उठ खड़ी हुई उसके पीछे सरकार द्वारा किए गए निवेश की ही प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में गिरावट लगातार चिंता की बात बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से पिछली तिमाही (जुलाई–सितंबर) में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ घटकर 1.2 फीसदी पर आ गई, जो उससे पहले की तिमाही (अप्रैल–जून) में 3.5 फीसदी थी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में खपत कमजोर होने की एक वजह यह भी है। श्रम–शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। ध्यान रहे, विश्व बैंक का कहना है कि महिलाओं की कार्य–शक्ति में भागीदारी बढ़ाकर ग्रोथ रेट में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जा सकती है।


एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे तो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। अंतरिम बजट अपनी सीमितता के बावजूद अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दे सकेगा जिससे नया भारत–सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि–वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट या अंतरिम बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।

## ट्वीटर टॉक



जिन्होंने उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा, उनको बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा। आने वाले दिनों में भी जब सदन की चर्चाएं कोई देखेगा, तो उनका एक एक शब्द इतिहास की तारीख बनकर उजागर होगा।

–नरेन्द्र मोदी



शौर्य, साहस, पराक्रम के पर्याय, प्रथम परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर सोमनाथ शर्मा जी की जयंती पर कोटिश: नमन। मां भारती की रक्षा हेतु मेजर शर्मा जी द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान हम सभी देशवासियों को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित करता रहेगा।

–राज्यवर्धनसिंह राठौड़



सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा सरकार पूर्ण रूप से समर्पित और संकल्पित है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन निश्चित तौर पर एक खुशहाल भारत की कल्पना को साकार करने में अहम भूमिका अदा करेगा।

–दीया कुमारी

## प्रेरक प्रसंग

# राष्ट्रभक्ति का जज्बा

क्रीमिया का युद्ध चल रहा था। ऐबेस्टोपोल से जार निकोलस को एक गुप्त संदेश भेजना था। रूसी सेनापति ने एक विश्वस्त कप्तान के हाथों में मोहरबंद लिफाफा दिया। कप्तान लिफाफे को लिए घोड़ा गाड़ी में सवार हो गया। वह हर दस मील की यात्रा पर घोड़ा बदलने के लिए कुछ पल रुकता और अपने गाड़ीवान के यह कहते ही कि गाड़ी तैयार है। वह कहता, 'जल्दी गाड़ी को दौड़ाओ।' आखिर वह अपनी मंजिल तक पहुंच गया। संट पीटर्सवर्ग के राजमहल में पहुंचकर उस लिफाफे को सम्राट के हाथों में थमाया और सम्राट के सामने ही एक कुर्सी पर अनुमति लेकर बैठ गया। वह बैठते ही निद्रा में लीन हो गया। पत्र पढ़ने के बाद सम्राट ने उसकी ओर देखा। वह वैसे ही आंखें मूंदें बैठा रहा। सम्राट को किसी अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने राजवैद्य को बुलाया। वैद्य ने कहा, 'सम्राट! यह बिल्कुल स्वस्थ हैं, किंतु घोर निद्रा में हैं।' सम्राट सारी बात समझ गये और उसके कान के पास जाकर धीरे से बोले, 'कप्तान साहब! गाड़ी तैयार है।' इतना सुनते ही कप्तान उठकर बैठ गया और बोला, 'जल्दी गाड़ी दौड़ाओ।' तभी उसकी आंखें खुलीं।

## नजरिया

# खरगे के बयान से झलकती कांग्रेस की हताशा


आशीष वशिष्ठ
मोबाइल : 99362 47777

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खरगे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है।

कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया।

खरगे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है।



लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरुद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया' का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी।

बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी?

इंडिया गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी। गैर भाजपा षासित राज्यों में विपक्ष के राजनीतिक दलों के नेताओं–कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और आम जनता के साथ सरकारी तंत्र जिस तानाषाही रवैये से पेष आ रहा है, वो किसी से छिपा नहीं है।

कांग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मोदी सरकार पर तानाशाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन सा ऐसाकाम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। या जिससे लोकतंत्र का गला घुटा हो। मोदी सरकार के हर निर्णय पर विपक्ष को ऐसा लगता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, या फिर लोकतंत्र खतरे में है। वास्तव में उन्हें विरोध के लिए विरोध करना है। उनके हाथ में न कोई मुद्दा है और न ही जनसमर्थन और जनविश्वास उनके साथ है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सामान्य आंतरिक आलोचना विरोध भले ही हो, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे सम्पन्न शक्तिशाली देश भारत के लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं। चीन तक ने भारत की आर्थिक शक्ति को स्वीकारा है। इसका एक बड़ा कारण भारत में सरकार का स्थायित्व और बढ़ती जागरुकता, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक ताकत है। राजनीतिक विरोध का स्तर इतना गिर चुका है कि संविधान की शपथ लिए हुए कुछ नेता सड़क पर धरना–आंदोलन और संसद द्वारा पारित कानून के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के जरिये जनमत संग्रह तक की शर्मनाक मांग करने लगे हैं? दुनिया के किस देश में राज्यों में बैठे सत्ताधारी क्या इस हद तक अपनी ही राष्ट्रीय सरकार और नीतियों का विरोध करते हैं? कभी अपनी सेना को पेंशन के लिए भड़काते हैं, तो कभी सीमा पर उनकी क्षमता पर संदेह कर चीन के भारतीय सीमा में घुसी होने के आरोप लगाते हैं।

भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। आम भारतीय की लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। ऐसे में किसी नेता या राजनीतिक दल का यह सोचना कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है,विशुद्ध तौर पर राजनीतिक बयान लगता है। अगर भ्रष्ट नेताओं पर कार्रवाई करना तानाशाही है; अगर, देश को संविधान के मुताबिक चलाना तानाशाही है; अगर संवैधानिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की मान मर्यादा कायम रखना तानाशाही है; अगर देश को सुधार के रास्ते पर लेकर जाना तानाशाही है; अगर भ्रष्टाचार पर नकेल कसना तानाशाही है; अगर देश की उन्नति के बारे में सोचना तानाशाही है; अगर देश के प्रति वफादारी निभाना और राष्ट्र प्रेम का प्रदर्शन तानाशाही है; अगर गरीबों, वंचितों और शोषितों का कल्याण तानाशाही है; अगर तुष्टिकरण की बजाय सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तानाशाही है तो मुझे ही नहीं हर सच्चे देशवासी को ये तानाशाही स्वीकार है। कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए उन्माद नहीं सही मुद्दों और समाज को जागरूक एवं शिक्षित करने की जरुरत होती है। वर्तमान में विपक्ष के नेता गलत जानकारी और भय का वातावरण बनाकर जनता को भ्रमित करते दिखाई देते हैं।

महत्त्वपूर्ण


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाते समय अदालत ने 'धोखा' दिया : इमरान खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई के दौरान बुधवार को खान (71) और उनकी पत्नी बुशरा बीबी (49) को सजा सुनाई। खान इसी जेल में कैद हैं।



तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा, मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपना बयान दर्ज करा दिया है। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी, जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा, मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं।

# ट्रंप की चुनाव प्रचार टीम ने निक्की हेली को 'युद्ध समर्थक' बताया

वाशिंगटन। रिपब्लिकन पार्टी की नेता एवं पार्टी की राष्ट्रपति पद की दावेवारी की दौड़ में शमिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर अपना हमला तेज करते हुए डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने मंगलवार को उन पर युद्ध समर्थक होने का आरोप लगाया। वहीं, हेली ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए मंगलवार को 'अमेरिका को फिर से सामान्य बनाएं' का नया नारा गढ़ा।

ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा, तथ्य यह है कि हेली को पता है कि उनके पास इस बात के लिए कोई ठोस तर्क या कोई सुसंगत कारण नहीं है कि उन्हें राष्ट्रपति क्यों बनना चाहिए।

लेकिन मतदाता यह जानते हैं कि वह एक युद्ध समर्थक हैं जो अमेरिका को अंतहीन युद्धों में झोंकना पसंद करेंगी।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयोवा और न्यू हैम्पशायर में पहली दो रिपब्लिकन प्राइमरी जीत ली है और दक्षिण कैरोलाइना में 30 प्रतिशत से अधिक अंकों से आगे हैं, जहां 23 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होना है।

# नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न, गाजा और यूक्रेन युद्ध रहा शीर्ष एजेंडे में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

स्टावान्गर (नार्वे)। नोबेल शांति पुरस्कार-2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके लिए नामांकित लोगों में गाजा और यूक्रेन युद्धों से जुड़े शांति कार्यकर्ता शामिल हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति नामांकन को गुप्त रखती है, लेकिन नामांकन अधिकार वाले लोग कभी-कभी अपनी पसंद को सार्वजनिक कर देते हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कुछ घोषित नामांकनों का विषय रहा है। फ्री यूनिवर्सिटी एम्स्टर्डम के शिक्षाविदों ने कहा कि उन्होंने इजराइल और फलस्तीनियों के बीच शांति प्रयासों के लिए पश्चिम एशिया स्थित संगठनों इकोपीस, वुमेन वेज पीस और वुमेन ऑफ द सन को नामित किया है। विश्वविद्यालय के शांति और संघर्ष अध्ययन विभाग ने कहा,वे महिलाओं और जलवायु न्याय की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए समुदायों को एक साथ ला रहे हैं।

नॉर्वे की सांसद इंगविल्ड वेट्रहस थोर्सविक ने समाचार पत्र वीजी को बताया कि उन्होंने गाजा की स्थिति का दस्तावेजीकरण करने के लिए फलस्तीनी वीडियो पत्रकार मोताज़ अजेजा को नामित किया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए शांति अध्ययन से जुड़े शिक्षाविदों, राष्ट्रीय संसदों के सदस्यों, पूर्व विजेताओं और नामांकन अधिकार वाले अन्य लोगों की ओर से 300 से अधिक नामांकन प्राप्त होते हैं। वर्ष 1910 में इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय शांति ब्यूरो संगठन ने कहा कि उसने हिंसा रोकने की प्रतिबद्धता खासतौर पर फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद, के लिए 'द रशियन मूवमेंट ऑफ कॉन्शियस ऑब्जेक्टर्स 'और 'द यूक्रेनी पेसिफिस्ट मूवमेंट' को नामांकित किया है। नॉर्वे की नोबेल समिति अक्टूबर में विजेता की घोषणा करने से पहले कई दौर की बैठकों में उम्मीदवारों पर विचार करेगी।

उम्मीदवारों को नामांकित करने का अधिकार रखने वाले व्यक्तियों और संगठनों के व्यापक आधार का अभिप्राय है कि नामांकिन लोगों की लंबी सूची में कुछ 'अनोखे' नाम भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व में इस पुरस्कार के लिए जोसेफ स्टालिन और एडॉल्फ हिटलर को भी नामांकित किया जा चुका है। जेल में बंद ईरानी कार्यकर्ता नर्गिस मोहम्मदी ने अपने देश में महिलाओं के अधिकारों और लोकतंत्र की खातिर अभियान चलाने के लिए 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार जीता। उनके किशोर बच्चों ने उनकी ओर से पुरस्कार ग्रहण किया था।

## प्रदर्शन



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के सामने मनी लॉन्ड्रिंग और भूमि घोटाले के संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ धनुष और तीर के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

# अगले सप्ताह से 10,000 भारतीय श्रमिक पहुंचेंगे इजराइल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यरुशलम। निर्माण क्षेत्र में कामगारों की कमी का सामना कर रहे इजराइल में अगले सप्ताह से भारत से करीब 10,000 श्रमिक आएंगे। उद्योग सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इजराइल बिल्डर्स एसोसिएशन (आईबीए) के एक सूत्र ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ये 10,000 श्रमिक प्रति सप्ताह 700 से 1,000 के जत्थे में पहुंचेंगे। गाजा में हमास के साथ इजराइल के संघर्ष और फलस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध तथा कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के प्रस्थान के साथ, इजराइली निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है और कई परियोजनाएं अटक गई हैं या देरी का शिकार हो गई हैं। संघर्ष के बाद, इजराइल ने फलस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के चले जाने से इजराइल के निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

इजराइल के कारोबारी दैनिक 'द कैलकलिस्ट' ने पिछले हफ्ते हिब्रू में एक खबर में कहा कि निर्माण उद्योग के लिए विदेशी श्रमिकों का कोटा 30,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दिया गया है और इजराइली सरकार ने पिछले महीने भारत से 10,000 श्रमिकों के आगमन को मंजूरी दी थी। आईबीए सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' से पुष्टि है की कि 'कैलकलिस्ट' में छपी खबर में विवरण सही थे। श्रमिकों के पहले जत्थे के आगमन के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, हमें उम्मीद है कि वे अगले सप्ताह आएंगे। इज़राइल पहुंचने वाले श्रमिक निजी भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा होंगे, जिसे निर्माण उद्योग में श्रमिकों की तेजी से भर्ती को सक्षम करने के लिए द्विपक्षीय (अंतर-सरकारी) वार्ता के तहत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## मुलाकात



नयी दिल्ली में बुधवार को नेपाल की संसद की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करते हुए।

# बंदरों के आतंक से परेशान नेपाल की संसदीय समिति करेगी भारत का दौरा

काठमांडू। नेपाल में बंदरों के आतंक के बारे में चिंताएं व्यक्त करने के बाद नेपाली सांसदों और डॉक्टरों की एक टीम बंदरों की आबादी को नियंत्रित करने का अध्ययन करने के लिए भारत का दौरा करेगी। मीडिया की एक खबर में बुधवार को यह बात कही गई।

'माइ रिपब्लिका' समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार इस दौरे से पहले कृषि, सहकारी और प्राकृतिक संसाधन समिति के सदस्यों ने संसदीय बैठकों में बंदरों के आतंक के मुद्दे को उठाया और नियंत्रण उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया था। इसमें कहा गया है कि भारत सरकार इस यात्रा में सहायता करेगी।

## न्याय यात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को कटिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान।

# मेरे परिवार का मानना है कि 'डांस दीवाने' को जज करना मेरा सबसे अच्छा फैसला है : सुनील शेट्टी

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर सुनील शेट्टी, जो 'डांस दीवाने' में जज के रूप में नजर आने के लिए तैयार हैं, ने साझा किया कि उन्हें अपनी मां, पत्नी माना, बेटी अथिया और बेटे अहान से जबरदस्त सपोर्ट मिला है। शो के जरिए अपने करियर में बदलाव लाने पर सुनील ने खुलासा किया कि यह उनके परिवार का इसमें आकर्षण था, जिसने उन्हें डांस बैटल के जज की सीट तक पहुंचाया। 'मोहरा' फेम एक्टर ने कहा: कई लोगों का मानना है कि यह शायद सबसे अच्छा फैसला है जो मैंने लिया है। मेरी मां ने भी ऐसा इसलिए कहा क्योंकि उन्हें यह शो बहुत पसंद है। मेरी पत्नी, बेटी, बेटे और दोस्तों ने भी यही बात कही। हालांकि, शुरू में, मुझे इस फैसले पर संदेह था।'



उन्होंने कहा, 'जब शो की टीम मेरे पास आई तो मैंने पूछा, 'मैं ही क्यों?' मैं शायद डांस के मामले में देश में सबसे ज्यादा अनाड़ी हूं। टीम ने बताया कि वे इस डांस दीवाने के साथ इस सोच को बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'आप बस दीवाने बनके एप्रिशिएट करो जो आपको अच्छा लगता है', इससे मैं कंफर्टेबल हो गया।' सुनील ने प्लेटफॉर्म, शो और को-जज माधुरी दीक्षित को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने इस बदलाव को अपनाया। 'डांस दीवाने' हर उम्र के डांसर्स के लिए सबसे ग्रैंड स्टेज पेश करने वाला है। डांस फ्लोर अविश्वसनीय कलाकारों की तीन जनरेशन को एकजुट करने के लिए तैयार है, जो आर्ट के प्रति उनके पैशन से बंधे इंडियन डांस फैमिसी का निर्माण करेगा। एवरग्रीन डांसिंग क्वीन माधुरी दीक्षित नेने जजों के पैनल में फिर से शामिल हुई। 'डांस दीवाने' का प्रीमियर 3 फरवरी को कलर्स पर होगा।

# सलमान खान, प्रोडक्शन हाउस एसकेएफ ने नवोदित अभिनेताओं को चयन की फर्जी कॉल के प्रति आगाह किया

मुंबई/भाषा

अभिनेता सलमान खान और उनकी प्रोडक्शन कंपनी सलमान खान फिल्म्स (एसकेएफ) ने एक बयान जारी कर प्रशंसकों के साथ-साथ नवोदित अभिनेताओं को खान के नाम पर चयन को लेकर ''फर्जी'' कॉल के प्रति आगाह किया है।

'बजरंगी भाईजान', 'भारत' और 'राधे' जैसी फिल्में बना चुके प्रोडक्शन बैनर ने कहा कि उन्होंने अपनी भविष्य की फिल्मों के लिए किसी भी 'कास्टिंग एजेंट' को काम पर नहीं रखा है। एसकेएफ ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर बयान जारी कर कहा, ''स्पष्ट किया जाता है कि न तो सलमान खान और न ही सलमान खान फिल्म्स वर्तमान में किसी भी फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। हमने अपनी भविष्य की किसी भी फिल्म के लिए किसी भी कास्टिंग एजेंट को काम पर नहीं रखा है।''

प्रोडक्शन हाउस ने कहा, ''कृपया इस संबंध में मिले किसी भी ईमेल या संदेश पर भरोसा नहीं करें। अगर कोई भी किसी भी अनधिकृत तरीके से श्री खान या एसकेएफ के नाम का गलत इस्तेमाल करता पाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'' प्रोडक्शन हाउस की आखिरी फिल्म 2023 की 'फर्रे' थी जिससे सलमान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने अभिनय की शुरुआत की थी।

# सुरीली आवाज की मलिका थी सुरैया

पुण्यतिथि पर विशेष



मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड में सुरैया को ऐसी गायिका-अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय और जादुई पार्श्वगायन से सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया। 15 जून 1929 को पंजाब के गुजरांवाला शहर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मी सुरैया का रुझान बचपन से ही संगीत की ओर था और वह पार्श्वगायिका बनना चाहती थी। हालांकि उन्होंने किसी उस्ताद से संगीत की शिक्षा नहीं ली थी लेकिन संगीत पर उनकी अच्छी पकड़ थी । सुरैया अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। सुरैया ने प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के न्यू गर्लस हाई स्कूल से पूरी की । इसके साथ ही वह घर पर ही कुरान और फारसी की शिक्षा भी लिया करती थी। बतौर बाल कलाकार वर्ष 1937 में उनकी पहली फिल्म ..उसने सोचा था..प्रदर्शित हुयी। सुरैया को अपना सबसे पहला बड़ा काम अपने चाचा जहूर की मदद से मिला जो उन दिनों फिल्म इंडस्ट्री मे बतौर खलनायक अपनी पहचान बना चुके थे।

वर्ष 1941 में स्कूल की छुटियों के दौरान एक बार सुरैया मोहन स्टूडियो में फिल्म ..ताजमहल.. की शूटिंग देखने गयी। वहां उनकी मुलाकात फिल्म के निर्देशक नानु भाई वकील से हुयी जिन्हें सुरैया में फिल्म इंडस्ट्री का एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया । उन्होंने सुरैया को फिल्म के किरदार..मुमताज महल के लिये चुन लिया। आकाशवाणी के एक कार्यक्रम के दौरान संगीत सम्राट नौशाद ने जब सुरैया को गाते सुना तब वह उनके गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुये। नौशाद के संगीत निर्देशन में पहली बार कारदार साहब की फिल्म ..शारदा .. में सुरैया को गाने का मौका मिला । इस बीच सुरैया को वर्ष 1946 मे महबूब खान की ..अनमोल घड़ी ..में भी काम करने का मौका मिला ।हांलाकि सुरैया इस फिल्म मे सह अभिनेत्री थी लेकिन फिल्म के एक गाने .. सोचा था क्या क्या हो गया .. से वह बतौर पार्श्वगायिका श्रोताओं के बीच अपनी पहचान बनाने में काफी हद तक सफल रही। इस बीच निर्माता जयंत देसाई की फिल्म ..चंद्रगुप्त ..के एक गाने के रिहर्सल के दौरान सुरैया को देखकर के.एल.सहगल काफी प्रभावित हुये और उन्होंने जयंत देसाई से सुरैया को फिल्म ..तदबीर ..में काम देने की सिफाशि की । वर्ष 1945 मे प्रदर्शित फिल्म ..तदबीर में के .एल. सहगल के साथ काम करने के बाद धीरे धीरे उनकी पहचान फिल्म इंडस्ट्री में बनती गयी। वर्ष 1949-50 मे सुरैया के सिने कैरियर मे अभूतपूर्व परिवर्तन आया।वह अपनी प्रतिद्वंदी अभिनेत्री नरगिस और कामिनी कौशल से भी आगे निकल गयी । इसका मुख्य कारण यह था कि सुरैया अभिनय के साथ साथ गाने भी गाती थी। प्यार की जीत.बड़ी बहन और दिल्लगी 1950 जैसी फिल्मों की कामयाबी के बाद सुरैया शोहरत की बुलंदियो पर जा पहुंची । सुरैया के सिने कैरियर मे उनकी जोड़ी फिल्म अभिनेता देवानंद के साथ खूब जमी।सुरैया और देवानंद की जोड़ी वाली फिल्मों में विद्या जीत. शायर. अफसर. नीली और दो सितारे जैसी फिल्में शामिल हैं। वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म अफसर के निर्माण के दौरान देवानंद का झुकाव सुरैया की ओर हो गया था।



# 'कुछ खट्टा हो जाए' का टीजर जारी

मुंबई/एजेन्सी

सिंगर गुरु रंधावा फैंस के दिलों में खास जगह बना चुके हैं। उनकी खनकती आवाज सबको दीवाना बना देती है। गुरु ने म्यूजिक वीडियो के साथ पंजाबी और हिंदी फिल्मों में कई शानदार गाने गाए हैं। जब भी वे अपने नए गाने के साथ आते हैं तो सोशल मीडिया पर धमाल मच जाता है। अब उनके फैंस को एक सरप्राइज मिलने वाला है। दरअसल वे जल्द ही गुरु के एक और टैलेंट से रूबरू होंगे। गुरु एक्टिंग में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। मंगलवार को उनकी डेब्यू फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' का टीजर जारी कर दिया गया। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसमें गुरु सिरफिरे 'मजनूं' बने नजर आ रहे हैं। गुरु के साथ फिल्म में एक्ट्रेस सई मांजरेकर हैं। टीजर की बात करें तो इसमें गुरु और सई की बढ़िया केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फिल्म में अनुपम खेर और ईला अरुण भी हैं। इससे पहले फिल्म के कलाकारों ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला लुक साझा किया था और कैप्शन में लिखा था, प्यार, हंसी और आश्चर्य का एक झोंका इंतजार कर रहा है! कुछ खट्टा हो जाए में उनकी कभी न भूलने वाली यात्रा पर सिरफिरा मजनू और खूबसूरत लैला से जुड़ें।

फिल्म की कहानी आगरा में सेट की गई है, जो कि एक फैमिली एंटरटेनर होने वाली है। इसे जी. अशोक ने डायरेक्ट किया है, जबकि अमित भाटिया और लवीना भाटिया प्रोड्यूसर हैं। यह 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि गुरु ने 'सूट पटियाला', 'नाच मेरी रानी', 'इशारे तेरे', 'हाई रेटेड गबरू', 'सूट, सूट, इश्क तेरा' और 'बेबी गर्ल' सहित कई चार्टबस्टर्स गाए हैं। दूसरी ओर, सई की यह तीसरी हिंदी फिल्म होगी। वह इससे पहले 'दबंग 3' और 'मेजर' में नजर आ चुकी हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।




# जेजीएमएचएसएस का केजी प्रोजेक्ट डे मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के जयगोपाल गरोडिया मैट्रिक एचआर सेकेंडरी स्कूल (जेजीएमएचएसएस) अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। बुधवार को केजी प्रोजेक्ट डे में मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ एनेस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी प्रकाश थे। राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापिका आर.हेमामालानी ने स्वागत भाषण दिया। यह परियोजना 5 अवधारणा पर आधारित थी – तमिलनाडु में भूमि के पांच रूप पंच पांडव, गणित में पांच बुनियादी विधियां और पांच इंद्रियां। किंडर गार्टन के बच्चों के लिए तुकबंदी और कहानी सुनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।






# समूह में काम करने की कला होनी चाहिए : सतीश चरखा

## कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां तमिलनाडु केरल पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवम श्री माहेश्वरी सभा चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में डीजी वैष्णव कॉलेज के सभागार में कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सचिव संजय मूँदडा ने अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा दक्षिणांचल के उपसभापति अरूण भंगड़िया, मुख्य वक्ता सतीश चरखा, तमिलनाडु केरल पॉण्डिचेरी के अध्यक्ष प्रमोद मालपनी, सभा अध्यक्ष डॉ अशोक मुँधडा, मद्रास माहेश्वरी चैरिटेबल के प्रबंध न्यासी अशोक लखोटिया, कार्यसमिति के सदस्य सत्यनारायण भूतरा, तमिलनाडु केरल पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी महिला की अध्यक्ष ममता दम्मानी और कार्यक्रम समन्वयक चंद्र प्रकाश मालपानी को मंचासीन कराया।

माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक मुंधडा ने सभी का स्वागत किया। मुख्य वक्ता सतीश चरखा व अरुण भांगडिया को शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मालपानी ने बताया कि हम सब के लिए यह सौभाग्य की बात है कि आज हम एक ऐसे कार्यशाला शिविर में आए जिसकी हम सब को जरूरत है। कार्यक्रम समन्वयक चंद्र प्रकाश मालपानी ने सतीश चरखा को परिचय दिया।

सतीश चरखा ने अपने वक्तव्य में बताया कि पद के कर्त्तव्य व अधिकार कैसे होने चाहिए। बैठकों तथा कार्यक्रकों के नियोजन व शिष्टाचार प्रोटोकॉल के ऊपर हमें किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। संगठन में संवाद कौशल व समूह में काम करने की कौशल के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। संस्था में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष के पदों की क्या जिम्मेदारी है उसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु केरल पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से विमला दम्मानी को नारी गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। विमला दम्मानी को शॉल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संजय मूंदड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उपाध्याय मानचन्द्र का जन्म दिवस स्वाध्याय दिवस के रुप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में उपाध्याय मानचन्द्रजी म.सा का 90 वां जन्म दिवस स्वाध्याय भवन में स्वाध्याय दिवस के रुप में मनाया गया। वरिष्ठ स्वाध्यायी वीरेन्द्र कांकरिया ने पच्चीस बोल के अन्तर्गत पुण्य के नौ भेदों का अर्थ सहित विस्तृत विवेचन किया। वरिष्ठ स्वाध्यायी लीलमचंद बागमार ने स्वरचित स्तुति को भावसहित सुनाते हुए उपाध्याय भगवन्त के गुणगान किये।

कोषाध्यक्ष गौतमचंद मुणोत व गुरुभक्त कान्तिलाल तातेड़ ने उपाध्यायश्री के जीवन के प्रसंगों का चित्रण धर्मसभा में किया। श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने सूर्यनगरी जोधपुर में अचलचन्द व छोटादेवी सेठिया के यहां जन्म लेने वाले बालक मान के बचपन युवा अवस्था व वैराग्यमय जीवन के संस्मरणों का धर्मसभा में उल्लेख करते हुए कहा कि जैनाचार्य हस्तीमलजी म.सा के मुखारविन्द से जोधपुर के सरदार स्कूल में उन्होंने अपने सहपाठी मगनराज मोहनोत के साथ भागवती दीक्षा अंगीकार की व बड़ी दीक्षा गुरुदेव के मुखारविन्द से मुथाजी का मन्दिर, नागोरी गेट,जोधपुर में हुई। उनके गुरु हस्तीमलजी म.सा ने उनके पुरुषार्थ व विद्धवता की परख करते हुए पण्डित रत्न की उपाधि से विभूषित किया। उपाध्याय प्रवर मानचंद्र के ऋजुता, सरलता, सहजता, कषायमन्दता, विद्ववता, मधुरभाषिता, कालोकाल नियमितता, आत्मार्थीता प्रशान्तमनता आदि विशिष्टता आदि गुणों के संस्मरण के प्रसंग जो गौतममुनिजी म.सा व जितेंद्रमुनिजी म.सा ने फरमाये थे, उन संस्मरणों का विस्तृत उल्लेख कार्याध्यक्ष ने धर्मसभा में किया।

इस मौमे पर संघ के उपाध्यक्ष अम्बालाल कर्णावट, रुपराज सेठिया, दीपक – योगेश श्रीश्रीमाल, नवरतनमल चोरडिया आदि की उपस्थिति उपाध्याय मानचन्द्र म.सा के जन्मजयंती के अवसर पर उपस्थित रहे। सामूहिक प्रत्याख्यान, जैन व जीवन संकल्प के पश्चात मांगलिक वीरेन्द्रजी कांकरिया ने दी।

# एपल भारतीय स्मार्टफोन बाजार में राजस्व के मोर्चे पर अव्वल

नयी दिल्ली। आईफोन विनिर्माता एपल वर्ष 2023 में राजस्व के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई, जबकि सैमसंग ने बिक्री के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बाजार शोध फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल भारतीय बाजार में स्मार्टफोन की बिक्री 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ कमोबेश स्थिर बनी रही। लेकिन सैमसंग और चीनी फोन विनिर्माता वीवो एवं ओप्पो अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहीं।

रिपोर्ट कहती है, रत पर एपल की नजर होने पर उसे एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। इस तरह एपल भारतीय बाजार में पहली बार राजस्व के नजरिये से पहले स्थान पर पहुंच गई। आईफोन के पुराने एवं नए मॉडलों के लिए मजबूत मांग से इसे बल मिला।



# पशु बलि रुकवाने में मिली सफलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चामराजनगर। जिले के कोलेगाल तहसील के चिकलूर सिद्दाप्पा स्वामी, कुडलुर मुनिस्वरा स्वामी व बी.आर. हिल्स रंगनाथ स्वामी जात्रा के दौरान पशु बलि को रुकवाने में चामराजनगर जिला प्रशासन के सहयोग से विश्व प्राणी कल्याण मंडल के नेतृत्व में सम्पूर्ण बड़ी सफलता पाई है। मंडल के अध्यक्ष दयानंद स्वामी ने बताया की उक्त जात्राओं के दौरान 50 हजार के ऊपर संख्या में पशुओं की बलि मंदिरों में दी जाती है। इसे रुकवाने व लोगों को जागरूक करने के लिए वे अनेक गावों में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। मंडल पशु बलि के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से लोगों को जागरूक किया गया है। स्वच्छ देवालय एवं स्वच्छ जात्रे परिसर के तहत अहिंसा व प्राणी दया का संदेश जात्राओं मे रैली निकाल कर लोगों को संदेश दिया।



# सीरवी समाज अड़कमारनहल्ली वडेर की नई कार्यकारिणी का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट अड़कमारनहल्ली आईमाता वडेर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सभा का शुभारंभ आई माताजी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। सभा में अध्यक्ष पद पर नेमाराम सैणचा, उपाध्यक्ष रतनलाल मुलेवा, सचिव मादुराम राठौड़, सहसचिव उमेश काग, कोषाध्यक्ष मोहनलाल गेहलोत, सहकोषाध्यक्ष कुनाराम काग को चुना गया। उसके बाद नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर लालाराम सोलंकी, गरबा मंडल अध्यक्ष महेंद्र गेहलोत, गैर मंडल अध्यक्ष भंवरलाल काग संचार मत्री मोहनलाल सीरवी को चुना गया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामलाल काग ने सभी नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। इस दिन शाम को आईमाताजी तस्वीर के समक्ष नई कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई।



# दसवां यंग शेफ ओलंपियाड में 60 शेफ ले रहे हैं भाग

**बेंगलूरु।** दुनिया के 10 अलग–अलग देशों के 10 युवा शेफ ने बुधवार को बेंगलूरु के इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) परिसर में इंटरनेशनल यंग शेफ ओलंपियाड (वाईसीओ) के राउंड प्रथम में भाग लिया। राउंड प्रथम के प्रतिभागियों में बुल्गारिया से स्टेलियन जेनचेव गैंचेव, स्वीडन से कार्ल जोकिम एरिक, फिजी से एड्रियन लेरॉय टोमासी, केन्या से अदिसा वाकू मैरीएन, मैक्सिको से रेजिना लोसाना स्टूपेन, मॉरीशस से चिंतालू रोविन, नेपाल से कमल थापा, क्लिफोर्ड जेफ, फिलीपींस से उनाबिया, तुर्की से बरन कलमाज और संयुक्त अरब अमीरात से इटक्का अंसारी भाग जे रहे हैं। सुबह 9 बजे शुरू हुई पाक कला प्रतियोगिता में इन युवा रसोइयों ने कौशल परीक्षण, शाकाहारी व्यंजन और मिठाई की तैयारी के साथ 3.5 घंटे में अपने पाक कौशल का प्रदर्शन किया। आईआईएचम दक्षिण भारत की निदेशक संचारी चौधरी ने संवाददाताओं को बताया कि यंग शेफ ओलंपियाड में भारत सहित 60 देशों के ख्यातनाम शेफ भाग ले रहे हैं। बेंगलूरु के लिए ओलंपियाड के पहले दौर का मूल्यांकन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शेफ के एक पैनल ने किया है, जिसमें प्रोफेसर दातो अब्दुल वहाब जमजानी, शेफ शॉन लियोनार्ड, शेफ एंजो ओलिवरी, शेफ अनुपम गुलाटी और शेफ विजेता एम शामिल हैं।

# भवोभव के हित के लिए भविष्य निर्माण में लगाना चाहिए

हासन/दक्षिण। यहां आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि सुबह के वक्त प्रकृति एकदम शांत, सुरम्य और दिव्य नजारें में होती है। चहुं ओर सुकून ही सुकून होता है। वे वैसे ही जीवन के प्रभात काल का जीवन भी व्यवस्थित होता है, अस्त व्यस्त नहीं होता है।

सफलताओं के लिए तब भी और बाद में भी मेहनत पर भरोसा रखना होता है। क्योंकि कठोर प्रयास और परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता है। वह प्रयास जीवन की परीक्षाओं में पास कराकर एक दिन चाही हुई बुलंदियों पर ले जाता है।

भौतिक विकास के लिए भी प्रयास हो तो सफलता मिले वैसे एक भव के लिए नहीं अपने भवोभव के हित के लिए भविष्य निर्माण में लगना चाहिए। विद्यालय की पढाई में टॉप होना था। अंक कम ज्यादा हो जाना सफलता की प्रमाणिकता नहीं बल्कि भव नहीं पर



भवोभव सुधारने की परीक्षा में पास होना जीवन में सफलता का प्रमाण है। अगर सच्ची सफलता चाहिए तो अपनी कोशिशों को मत गिनिए बल्कि उन परिणामों का हिसाब रखिए। जो आप हासिल कर पाए हैं। एक सौ चालीस वर्ष पूर्व हुए विश्ववल्लभ विजय के जीवन में संयम पाने के कठिनतम संकल्प की बात करते हुए यह बात विस्तारपूर्वक की।

## राष्ट्रपति अभिभाषण

# सेंगोल को लेकर संसद में शुरू हुई नयी परिपाटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। नये संसद भवन में बुधवार को एक नयी परिपाटी की शुरुआत तब हुई जब दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने आयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगे संसद का एक कर्मी पवित्र 'सेंगोल' को लेकर चल रहा था जिसे अभिभाषण के दौरान उनके समक्ष एक मेज पर रखा गया। राष्ट्रपति मुर्मू का नये संसद भवन में यह पहला अभिभाषण था। संसद भवन पहुँचने पर राष्ट्रपति की अगवानी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इससे पहले तक बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण पुरानी संसद के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में होता था। इस केंद्रीय कक्ष को अब संविधान कक्ष का नाम दिया गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू के आगमन से पहले ही



पारंपरिक पोशाक और स्कार्फ के साथ पगड़ी पहने लोकसभा के वरिष्ठ मार्शल राजीव शर्मा ने सेंगोल को उसके स्थान से हटाया और लोकसभा अध्यक्ष बिरला, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और लोकसभा तथा राज्यसभा के महासचिव क्रमश: उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी के साथ राष्ट्रपति के स्वागत को पहुंचे। छह घोड़ों की बग्गी में सवार होकर राष्ट्रपति अपने अंगरक्षकों के साथ नए संसद भवन पहुंचीं। उपराष्ट्रपति धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी और बिरला ने संसद भवन के गज द्वार पर उनका स्वागत किया और वे साथ में लोकसभा कक्ष की ओर बढ़े।

राष्ट्रपति के लोकसभा कक्ष में प्रवेश करते ही संगीतकारों के एक समूह ने 'हथरोई' की धुन बजाई। इसके बाद विभिन्न सदस्यों ने 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम', 'जय सिया राम' और 'जय जगन्नाथ' के नारे सेंगोल को राष्ट्रपति अभिभाषण के दौरान उनके समक्ष एक मेज पर रखा गया। मुर्मू का संबोधन समाप्त होने के बाद संसद भवन के गज द्वार तक उसे ले जाया गया और बाद में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के बगल में सोने की परत चढ़े इस राजदंड को रख दिया गया।

पिछले साल 13 दिसंबर को दो व्यक्तियों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने और धुआं फैला दिए जाने की घटना के मद्देनजर सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए गए थे। लोकसभा कक्ष की छह दर्शक दीर्घाओं में पहली पंक्ति की कुर्सियों को हटा दिया गया था। ब्राजील, मिस्र, मालदीव और नेपाल के राजदूत और ब्रिटेन के उच्चायुक्त सहित 58 राजनयिक विशेष दीर्घा में उपस्थित थे। राष्ट्रपति मुर्मू के संबोधन के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम देखी गई। करीब 888 लोगों के बैठने की क्षमता वाले लोकसभा कक्ष में कई सीट खाली पड़ी थीं।

राष्ट्रपति के करीब 75 मिनट के भाषण में सत्तारुढ़ गठबंधन के सदस्यों ने कई बार मेजें थपथपा कर उनकी घोषणाओं का स्वागत किया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विजयनगर स्थित पाइपलाइन में साहससिम्हा डॉ. विष्णुवर्धन युवक संघ द्वारा ग्रामनगर देवता अण्णम्मा देवी पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। मुख्यअतिथि के रूप में विजयनगर मारूति मेडीकल के प्रमुख, गौसेवक महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर अपने वक्तव्य में भगवान श्री राम के गुणगान करते हुए अयोध्या धाम में दिव्य भव्य विशाल मंदिर में सूर्यवंशी रघुकुल नंदन रामलला प्राण प्रतिष्ठा को मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा बताया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.